दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 144 | जयपुर | रविवार , 30 मार्च, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan






# मुख्यमंत्री ने युवाओं को दिया रोजगार का उपहार

## राज्य के 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र






बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( राजीव सक्सेना )।** राज्य सरकार का प्रयास है कि युवा शक्ति का प्रदेश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अधिक से अधिक योगदान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ ही सरकारी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर तेजी से काम कर रही है। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला एवं केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह बात कही। वह शनिवार को राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की कड़ी में यहां दशहरा मैदान के श्रीराम रंगमंच पर आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा- सात दिवसीय राजस्थान दिवस महोत्सव हमारी मातृशक्ति, युवा शक्ति, अन्नदाता और अंत्योदय को समर्पित है। हम युवाओं को रोजगार देने के साथ ही उनमें उद्यमिता का विकास कर, उन्हें रोजगार देने के योग्य भी बना रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने युवाओं को दी कई सौगातें

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा वर्ग को कई सौगातें देते हुए विभिन्न विभागों में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके तहत प्रदेशभर में 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। इसके साथ ही शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का भी शुभारम्भ किया। इस दौरान अभियान से सम्बंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन एवं विवरणिका का विमोचन किया गया।

### ऑन डिमांड परीक्षा व डिजिटल प्रवेश उत्सव का भी शुभारम्भ

मुख्यमंत्री शर्मा ने शिक्षा विभाग के दो एप व आरएसओएस अन्तर्गत ऑन डिमांड परीक्षा तथा डिजिटल प्रवेश उत्सव का शुभारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी की शुरूआत की।

- कोटा में राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत आयोजित हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन
- मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान का भी कोटा में हुआ शुभारम्भ

### युवा नीति व स्किल नीति का विमोचन

इस अवसर पर युवा नीति एवं स्किल नीति का विमोचन, निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रुपए की सहायता के लिए योजना के दिशा-निर्देश, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के लिए दिशा-निर्देश, अटल ज्ञान केन्द्र तथा नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने यहां रोजगार मेले के तहत आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य सरकार प्रदेश के विकास में युवा शक्ति का योगदान सुनिश्चित कर रही, युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा, रोजगार के अवसर सृजित हो रहे

### पूर्ववर्ती सरकार में युवाओं के साथ हुआ अन्याय

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में प्रदेश के युवाओं को हर कदम पर अन्याय और अत्याचार का सामना करना पड़ा। पेपर लीक के कारण उनके सपनों पर कुठाराघात हुआ। हमने सरकार बनते ही पेपर लीक की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जो पेपर लीक माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचा कर युवाओं को न्याय दिलवा रही है।

### भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाने की नई पहल

इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाए जाने की विशेष पहल की है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से युवा ठगा सा महसूस करते थे। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करते हुए युवाओं के सपनों को साकार कर रही है। कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, ललित मीणा, कुलदीप धनखड़, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, शासन सचिव कार्मिक केके पाठक सहित बड़ी संख्या में युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर

# 17 नक्सलियों का एनकाउंटर

## इनमें 11 महिलाएं; 12 साल पहले 27 कांग्रेस लीडर्स के हत्याकांड में शामिल कमांडर भी मारा गया

बढ़ता राजस्थान

**सुकमा ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन एसजेडसीएम- स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं।

**17 नक्सलियों के शव बरामद**-डीआईजी कमलोचन कश्यप ने दैनिक भास्कर को बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, स्ल्फजैसे ऑटोमेटिक वेपंस भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में कई बड़े कैडर्स भी हैं, जिनकी पहचान की जा रही है।



### नक्सलवाद पर एक और प्रहार- अमित शाह


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जाएंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे।




## 8वें वेतन आयोग से पहले बड़ी सौगात

### सरकार ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम

### 104 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को प्रदेशभर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिले में यह कार्यक्रम इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहां विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं 104 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से धनेत निवासी माया शर्मा एवं बस्सी के राजवीर सिंह से संवाद कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहाकि वे अपने घर जाए तो मिठाई लेकर जाए।इस अवसर पर सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि सरकार की नीतियों से युवाओं के लिए नए रोजगार के मार्ग प्रशस्त हुए हैं। वहीं, ऐसी कई योजनाएं हैं जिन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सराहनीय योगदान देने वाले जिला अस्पताल चित्तौड़गढ़ एवं निंबाहेड़ा, उप जिला चिकित्सालय रावतभाटा, बेगूं एवं कपासन, सीएचसी गंगरार सावा एवं बोहेड़ा, यूपीएचसी गांधी नगर, पीएचसी भैंसरोड़गढ़, मंगलवार एवं केली तथा खंड चिकित्सालय चित्तौड़गढ़, निंबाहेड़ा एवं रावतभाटा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर आलोक रंजन, रतनलाल गाडरी, कमलेश पुरोहित, जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ताराचंद गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जिला स्तरीय अधिकारी,सहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## ए-वन सी. सै.स्कूल में लगी बच्चों द्वारा बनायी गई पेन्टिंग की प्रदर्शनी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** यूनिवर्सिटी रोड स्थित ए-वन सी. सै.स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों के साल भर के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सभी विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स एग्जीबिशन भी लगायी गयी। जिसे देखकर सभी अभिभावकों ने खूब सराहा। इस प्रदर्शनी में बतौर अतिथि आये सुखाडिया विश्वविद्यालय के प्रो.डां. रक्षित आमेटा ने भी छात्रों की कला को सराहा। एग्जीबिशन में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट एयर व वाटर पोल्यूशन को रोकने और एन्टी सुसाइड फैन विषय पर आधारित प्रोजेक्ट्स खास आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय निदेशक डॉ एम एल चांगवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में ऐसे प्रोजेक्ट्स एग्जीबिशन बड़े स्तर पर करने की बात कही।

## आरसीए में खेल दिवस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद की ओर से आरसीए में शनिवार को खेल दिवस का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त सचिव एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने विभिन्न टीमें बनाकर क्रिकेट मैच खेले। फाईनल में राजस्थान कृषि विभाग की टीम ने राज.कृषि महाविद्यालय की टीम को 6 विकिट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस अवसर पर वि.वि के पूर्व कुलपति उमाशंकर शर्मा एवं पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह बारहठ,डेयरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. लोकेश गुप्ता, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मनोज मेहता,पूर्व छात्र परिषद के सचिव जगदीशलाल चौधरी,डॉ. महेन्द्र यादव,डॉ. कपिल आमेटा,डॉ. देवेन्द्र जैन,आदि मौजूद थे। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि इसके उपरान्त अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह बारहठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस वर्ष नवम्बर माह में परिषद का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन उदयपुर में करानें का निर्णय लिया गया।

## विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण करवाया

### उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए पोषण वाटिका की आवश्यकता : मालाराम यादव

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा के 120 विद्यार्थियों को फील्ड विजिट के लिए गोनेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों के लिए सर्व प्रथम अल्पाआहर की व्यवस्था की गई। इस मौके पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ले. कर्नल डॉ. सुपर्ण सिंह शेखावत ने स्थानीय सभागार में विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान में रोजगार के अवसरो, मृदा परीक्षण के महत्व, फार्म पोंड, मौसम का पूर्वानुमान, बकरे-बकरी व मत्स्य पालन, सुकर एवं बत्तख को समेकित रूप से पालन की विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. राम प्रताप यादव व डॉ. सरदार मल यादव ने विभिन्न किस्म के पेड़ पौधों व सब्जियों एवं नींबू वर्गीय पौधों में लगने वाले सीट्रस केन्कर की रोकथाम के उपायों एवं स्प्रे की जानकारी दी। साथ ही फलदार पौधों में खाद बीज देने के तरीके बताये। फील्ड विजिट प्रभारी मालाराम यादव ने बताया कि आज के समय में सब्जियों में आवश्यकता से अधिक मात्रा में कीटनाशकों तथा रसायनों के अधिक उपयोग को देखते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए पोषण वाटिका की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सन्तुलित भोजन के लिए एक व्यक्ति को रोजाना 85 ग्राम फल तथा 300 ग्राम सब्जियां खानी चाहिए।

# बालनाथ आश्रम में विश्व का सबसे ज्यादा समय एक वर्ष से चल रहा रुद्र महायज्ञ, रामनवमी को होगा समापन

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजन लाल समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियां पहुंचेगी पावटा

### समारोह को लेकर 15 दिनों से चल रही भंडारे व डोम निर्माण की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** खेलना मोड़ बाबड़ी पर विश्वविख्यात अवधूत महासिद्ध योगी बाबा बालनाथ की जीवंत समाधि एवं तपोस्थली के तत्वावधान में विश्व के इतिहास के सबसे लंबी अवधि एक वर्ष से श्री श्री 1008 बस्तीनाथ महाराज के सान्निध्य में वर्ष पर्यंत 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन रविवार 06 अप्रैल रामनवमी के दिन किया जायेगा। बाबा बस्तीनाथ महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ का 11 अप्रैल 2024 को प्रागपुरा से लक्खी कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। इस विशाल महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण, सनातन धर्म, पर्यावरण संरक्षण, महामारी प्राकृतिक प्रकोप से रक्षा, लोक कल्याण, दीर्घायु, सामाजिक समरसता को दृष्टिगत रखते हुए किया जा रहा है। मदन लाल आरएसएस प्रागपुरा ने बताया कि बाबा बालनाथ की असीम अनुकंपा एवं बाबा बस्तीनाथ जी के सान्निध्य में 2008 से लगातार 108 कुंडीय रुद्रमहामृत्युंजय यज्ञ से लेकर 1111, 2121, 5151, 6161, 9108 कुंडिय एवं 108 कुण्डीय वर्ष पर्यन्त महायज्ञ सफलता पूर्व सम्पन्न किये जा चुके है।

सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने बताया कि रुद्र महायज्ञ की महा पूर्णाहूति पर रामनवमी के दिन विशाल भण्डारा एवं सत्संग का आयोजन होगा। जिसमें आस पड़ोस समेत दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। महायज्ञ की समापन की तैयारियों को लेकर एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार संजय कुमार खेदड़, एईएन संजय जाखड़, जेईएन वीरेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया हैं। साथ हि सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए उचित बेरीकेडिंग करवाने के साथ-साथ अन्य सभी जरूरी प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये है। सीताराम गौत्तम, कमलेश कुमार व डॉ. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत केंद्रीय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियां पहुंचेगी। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव लाडाकाबास ने बताया कि समारोह को लेकर 15 दिनों से डोम निर्माण व भंडारे के लिए टैंट सहित जलाशय व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निर्माण किया जा रहा है। साथ हि बावड़ी आश्रम में आयोजित समापन समारोह में होने वाले भंडारे के लिए 10 बीघा भूमि पर टैंट लगाया जा रहा है।



## नवरात्रि स्थापना आज, नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की जाती है पूजा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** हिंदू धर्म में नवरात्रि को बहुत ही पवित्र माना गया है और एक साल में दो नवरात्रि पड़ती हैं, जिन्हें धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार 30 मार्च से शुरू होकर 06 अप्रैल तक नवरात्रि रहेगी। नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। प्रागपुरा गोपीनाथ मंदिर महंत मोहन लाल भागवती ने बताया कि घट स्थापना मुहूर्त सुबह 06 बजकर 13 मिनट से सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक और अभिजीत मुहूर्त - दोपहर 12 बजकर 01 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक शुभ रहेगा। पुजारी भागवती ने बताया कि नवरात्रि कलश स्थापना करते समय सबसे पहले सभी देवी-देवताओं का आह्वान करें। एक मिट्टी के बड़े पात्र में मिट्टी डाल दें और इसमें ज्वारे के बीज डालें। उसके बाद सारी मिट्टी और बीज डालकर पात्र में थोड़ा-सा पानी छिड़क दें। अब गंगा जल भरे कलश और ज्वारे के पात्र पर मौली बांध दें। जल में सुपारी, दूर्वा घास, अक्षत और सिक्का भी डाल दें। अब कलश के किनारों



पर आम के 5 पत्तों को रखें और कलश को ढक्कन से ढक दें। एक नारियल लें और उस पर लाल कपड़ा या चुनरी लपेट दें। नारियल पर मौली बांध दें। इसके बाद कलश और ज्वारे स्थापित करने के लिए सबसे पहले जमीन को अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद ज्वारे वाला पात्र रखें।

उसके ऊपर कलश स्थापित करें और फिर कलश के ढक्कन पर नारियल रख दें। फिर सभी देवी-देवताओं का आह्वान करने के साथ नवरात्रि की विधिवत पूजा आरंभ करें। उन्होंने बताया कि कलश की स्थापना मंदिर के उत्तर-पूर्व दिशा में करनी चाहिए और मां की चौकी लगा कर कलश को स्थापित करना चाहिए।

## सुरों के संग, संस्कृति के रंग महोत्सव का आयोजन आज : मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर आज सुरों की मंडली द्वारा प्रस्तुत श्सुरों के संग, संस्कृति के रंगश् लोक संगीत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य आयोजन दोपहर 2 बजे, 100 फीट रोड, शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस स्थित मधु श्री, उदयपुर में आयोजित होगा, जिसमें लोक संगीत प्रेमियों को राजस्थानी, पंजाबी, मालवा और बंगाली लोक धुनों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि ष्इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय लोक संगीत की समृद्ध परंपरा को सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। लोक गीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्हें हमें संरक्षित और प्रचारित करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अनिता सिंगी ने बताया कि इस संगीतमय संध्या में लोक



कलाकारों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा और लोक वाद्ययंत्रों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी। लोक संगीत की जादुई स्वर लहरियों के बीच संस्कृति के रंगों को सजीव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगीत प्रेमियों के लिए यह आयोजन एक अनूठा अवसर होगा, जहाँ भारतीय लोक धुनें गूँजेंगी और लोक संस्कृति की विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों ने सभी संगीत प्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे इस संगीतमय यात्रा का हिस्सा बनें और लोक संगीत की अनमोल धरोहर का आनंद लें।अधिक जानकारी के लिए डॉ.अनिता सिंगी 9828028999 से संपर्क कर सकते हैं।

## विप्र फाउंडेशन तहसील इकाई साहवा की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में विप्र फाउंडेशन तहसील कमेटी साहवा की बैठक आयोजित की गई। शनिवार को गौतम भवन मे समाज के वरिष्ठ सदस्य भंवरलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय सचिव मुकेश शर्मा ,सादुलपुर इकाई के युवा अध्यक्ष दीपक शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। इससे पूर्व विप्र सदस्यों ने भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को साहवा विप्र फाउंडेशन इकाई द्वारा माला पहनाकर स्वागत और आदर सत्कार किया गया। बैठक में



चर्चा करते हुए समाजबंदुओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और नशे से बचकर समाज के लोगों से शिक्षा पर बल देने की बात कही। इस अवसर पर पंडित जितेंद्र शास्त्री, बनवारी गिल, भंवरलाल शर्मा, नोपाराम पारीक, कृष्ण लाल बोहरा, ब्रह्मानन्द जोशी, गोरधन पारीक, लक्ष्मी नारायण शर्मा, हनुमान पारीक, महेश शर्मा, ख्याली राम पारीक, दुर्गादत जोशी , एडवोकेट अंकित शर्मा, रामवतार जोशी, प्रमोद उपाध्यय, सुरेश पारीक, बाबूलाल पारीक बनियाला, गिरधारी लमानी आदि विप्र सदस्य उपस्थित थे बैठक का संचालक कृष्णलाल बोहरा ने किया।

## गायत्री शक्तिपीठ में चैत्र अमावस्या पर यज्ञ व गायत्री पूजन किया

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ परिसर में चैत्र अमावस्या पर यज्ञ के साथ गायत्री पूजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री साधको ने चैत्र नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभ आगमन पर चर्चा कर भगवान राम की झांकी व शोभायात्रा के बारे में बताया तथा चैत्र नव संवतसर 2082 का धूमधाम से स्वागत करने व विक्रम सम्वत 2081 को अलविदा कर विगत वर्ष की अच्छाइयों और उपलब्धियों को ग्रहण करने व राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यज्ञ में आहुतियां दी। गायत्री साधक एडवोकेट हजारीराम सैनी ने बताया कि सेवानिवृत विद्याधर स्वामी के यजमानत्व में पंडित बिसनदयाल गील और बनवारीलाल गील ने गायत्री उपासना पद्धति व



मंत्रोचार यज्ञ विधि से यज्ञ करवाया। इस अवसर पर महंत किन्नर मुस्कान, हिना, जिआ और गायत्री साधक लक्ष्मीनारायन ख्यालिया,रामस्वरूप जोशी, प्रताप धुंधावत,मोहन कस्वां, हंसराज सहारण, लीलाधर संकरोत,निरानाराम खाती ने यज्ञ में आहुतियां देकर नववर्ष के आगमन पर सुखसमृद्धि की मंगलकामनाएं की।

## मेवाड़ टूरिज़्म ने रॉयल एपीएल को, उदय विलास ने ट्राइडेंट को हराया, यदुराजसिंह और गिरिराज मैन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज़्म कप के तहत रात्रिकालीन मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने रॉयल एपीएल टीम को 23 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने यदुराज सिंह कृष्णावत के नाबाद धुआंधार अर्धशतक (84) और प्रतीक परिहार के 44 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 177 रन बनाएं। रॉयल एपीएल की ओर से नरेंद्र सिंह चुंडावत में 3 विकेट लिए। जवाब में रॉयल एपीएल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 154 रन ही बना सकी। विनीत सुहालका ने 47 रन का योगदान दिया। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से विनय नाहटा ने तीन और सिद्धराज सिंह ने दो विकेट प्राप्त किया। हरफनमौला खेल के आधार पर यदुराज सिंह कृष्णावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वुडनस्ट्रीट द्वारा फील्ड क्लब मैदान पर प्रस्तुत कप के एक अन्य मुकाबले में होटल उदय विलास ने होटल ट्राइडेंट को 5 विकेट से हराया। होटल उदय विलास ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। होटल ट्राइडेंट की ओर से युवराज सिंह ने 37 रन और कप्तान रितेश पालीवाल ने 31



रनों का योगदान दिया और टीम को निर्धारित 20 ओवर में 158 रनों पर पहुंचा दिया। होटल उदय विलास की ओर से गिरिराज कुम्हार और नीतीश कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में होटल उदय विलास के गिरिराज कुम्हार के आतिशी अर्धशतक 71 रन और पंड्या के 25 रनों की बदौलत 19.4 ओवर में निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। होटल ट्राइडेंट की ओर से गौरव ने 2 विकेट लिए। होटल उदय विलास के गिरिराज कुम्हार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## श्वानों की नसबंदी जारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर के श्वानों और जनता के बीच चल रहे संघर्ष के समाधान हेतु वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर टीम द्वारा चलाए जा रहे नि:शुल्क एबीसी ( एनिमल बर्थ कंट्रोल ) कार्यक्रम में लावारिस कुत्तों की नि:शुल्क नसबंदी सर्जरी की जा रही है । शनिवार को WRRC मिशन सुरक्षा के तहत डॉ अनुज तोमर द्वारा एक और सफल ऑपरेशन किया गया । इस तरह मिशन सुरक्षा के तहत अब तक कुल 10 नि:शुल्क सर्जरी की जा चुकी है । डॉ अनुज तोमर ने बताया कि इस सर्जरी से कुत्तों के व्यवहार में बदलाव आता है । कुत्तों से फैलने वाले रेबीज हेतु भी इन लावारिस कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीन भी लगाए जा रहे है । सर्जरी के बाद प्रोस्टेटिक कैंसर व यूटरिन कैंसर होने की संभावना कम हो जाती है । WRRC अध्यक्ष विवेक जसाईवाल ने बताया कि जो भी डॉग लवर सड़कों पर रहने वाले डॉग्स की सर्जरी करवाना चाहते है वे टीम से संपर्क कर सकते है । सर्जरी के बाद पांच दिनों तक देखभाल डॉग लवर्स को करनी होगी , ताकि उन्हें इन्फेक्शन से बचाया जा सके । टीम द्वारा ये भी सुनिश्चित किया जाता है कि डॉग को ऑपरेशन के बाद नियमानुसार पुन: उसके स्थान पर छोड़ा जाए ।

## आयुग स्वामी को मिला 'फैशन एंड लाइफ़स्टाइल आइकॉन ऑफ द ईयर' दिल्ली में अभिनेता तुषार कपूर ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** दिल्ली में सम्पन्न बिज़नेस एक्सपो एण्ड अवार्ड में तुषार कपूर ने जयपुर के आयुग स्वामी को 'फैशन एंड लाइफ़स्टाइल आइकॉन ऑफ द ईयर'से सम्मानित किया। शनिवार को दिल्ली में आयोजित बिजनेस एक्सपो एण्ड अवॉर्ड समारोह में जयपुर के आयुग स्वामी को तुषार कपूर ने फ़ैशन एंड लाइफ़ स्टाइल आइकन ऑफ़ द ईयर के अवार्ड से नवाज़ा और सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। आयुग स्वामी के पिता नितेश कुमार स्वामी जो कि पेशे से अधिवक्ता है ने बताया कि आयोग स्वामी पहले भी मॉडलिंग और फ़ैशन की दुनिया में कई बार बॉलीवुड सितारों के द्वारा सम्मानित किए जा चुके हैं और अन्य कई संस्थाओं के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुके हैं । आयुग स्वामी अमेजन और फ्लीप कार्ट जैसी बड़ी कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं।




## प्रतिपदा के पावन उत्सव पथ संचलन आज



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वर्ष प्रतिपदा के पावन उत्सव पथ संचलन कल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से आज सुबह 7.30 बजे निकलेगा इसको लेकर धर्मेंद्र गेरा के निज निवास पर की पत्रकारों से प्रेस इस अवसर पर वार्तानगर संघचालक बल्लभराम,खण्ड संघचालक बजरंग जी गोयल,सह नगर कार्यवाह श्रीभान जी एडवोकेट, जिला सम्पर्क प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार, जिला कार्यकारिणी में दीनदयाल शर्मा,नगर कार्यकारिणी में योगेश जी बंसल, आदि सदस्य मौजूद रहे।

## हिंदू नव वर्ष पर मुख्य मंदिरों के बाहर सजाई जाएगी रंगोलियां, मंदिर के बाहर खड़े रहकर लोगों को देंगे नववर्ष की बधाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हिंदू नव वर्ष का रविवार को वर्ष प्रतिपदा से शुभारंभ होगा। हिंदू नव वर्ष की जानकारी देने एवं लोगों को नववर्ष की बधाई देने के लिए शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर एक दूसरे को बधाई देने के लिए टोलियां बनाई गई हैं। टोलियां धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को नववर्ष की बधाई देते हुए अभिवादन करेंगे। नव वर्ष आयोजन समिति के संयोजक गोविंदनारायण शर्मा व प्रभारी मोहनलाल शर्मा ने बताया कि हिन्दू नव वर्ष पर शुभकामनाएं देने के लिए शहर के मुख्य मार्गो व मन्दिरों के बाहर रंगोलियां सजाई जाएगी। विद्या मंदिर की आचार्या व आचार्य नव वर्ष की सुबह खाटू श्याम मंदिर, चिंताहरण गणेश मंदिर, गणगौरी बाजार स्थित कंकाली माता मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर व विद्या भारती शिक्षा संस्थान विद्यालय के बाहर रंगोली सजाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा।

राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी, दिये आवश्यक निर्देश

# योजनाओं का लाभ वंचित व पात्र व्यक्तियों को दिलवायें : राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग व पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले जिससे कि उनका जीवन खुशहाल हो सके अधिकारी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे।राज्यपाल श्री बागडे ने शनिवार को पाली जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंनें ग्रामीण विकास विभाग से महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता, अनुसूचित क्षेत्र बाली के आदर्श ग्राम निर्माण कार्या की प्रगति, जनभागीदारी योजना, पीएमजीएवाई, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की 3 वर्षों में छात्रवृत्ति प्राप्त आवेदन व भुगतान, जल संग्रहण, अनुसूचित क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्थिति प्रगति, मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना की प्रगति, पीएचईडी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, मेडिकल विभाग बजट घोषणा व अन्य कार्यों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जल संसाधन विभाग, रसद विभाग, पशुपालन विभाग की योजनाओं के लाभ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की महिला एवं बाल विकास, यूआईटी, नगर निगम, श्रम विभाग, वन व पुलिस विभाग के कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राजीविका के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजीविका के तहत महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करें और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऋण योजनाओं का बेहतर उपयोग किया जाए।



## युवाओं के सपने साकार करना है राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला प्रभारी मंत्री

### राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत हुआ रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

### भगवत सिंह मेहता सभागार में नव चयनित कार्मिकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के उपलक्ष्य में युवा एवं रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को ओ.टी.एस के भगवत सिंह मेहता सभागार में हुआ।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं के सपनों को साकार करना और उनके रोजगार की राह को प्रशस्त करना ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सर्वप्रथम नकल पर नकेल लगाने का अद्वितीय कार्य किया है जिससे मेहनत करने वाले युवाओं को उनके परिश्रम का फल सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र के रूप में प्राप्त हुआ हैं। उनकी सरकार 4 लाख सरकारी व 10 लाख नौकरियां निजी क्षेत्र में देने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने नौकरी के नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवाओं से कहा कि वे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने विभाग व प्रदेश की जिम्मेदारी सम्भाले। नशावृत्ति से दूर रहकर अपनी संस्कृति एवं विरासत को सहेजें। डी.जी.पी. एस.सी.आर.बी. साइबर क्राइम एण्ड टेक्निकल सर्विसेस हेमन्त प्रियदर्शी ने कहा कि नव नियुक्त युवा कार्मिक पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से जनता की सेवा करें। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 75, पुलिस विभाग के 100, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 47, महिला एवं बाल विकास विभाग के 58, जलदाय विभाग के 2 लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जयपुर संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीमती प्रतिभा वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित थे।

## हनुमान नगर में चतुर्थ श्री श्याम फाग महोत्सव 2025 धूम-धाम से मनाया गया

!! आयेगा आयेगा-2 नीले चढ़ सावरा आयेगा !!

!! फ़सी भवर में थी मेरी नैया !!

!!बाँह पकड़ ले साँवरा,कही छूट ना जाए!!

बढ़ता राजस्थान





**निवाई (का.स.)।** श्री श्याम सेवा संघ परिवार हनुमान नगर, श्री श्याम सेवा समिति व श्री श्याम सखा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। श्याम भक्त मोहित टेलर व नरेश शर्मा , जगदीश शर्मा , कमलेश गौतम ने बताया कि हनुमान नगर में दादू विहार के बाहर हरभांवता आश्रम के महामण्डलेश्वर बालकानन्द महाराज के सानिध्य में श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। संरक्षक अशोक नागर

ने बताया कि इस महोत्सव में निवाई शहर के साथ ,जयपुर , टोंक , लालसोट , चाकसू, देवली, मालपुरा, देई,सवाई माधोपुर आदि जगह से सभी श्याम प्रेमी फाग महोत्सव में शामिल हुए।शनिवार को बाबा श्याम के दरबार में कलकत्ता के फूलों से जंगल थीम पर दरबार सजाया गया साथ ही छप्पन भोग की विवेश आकर्षक झांकी सजाई गई। खाटू के मोगरा, गुलाब के इत्र पुष्प की वर्षा के साथ भव्य अखण्ड ज्योत, काफ़ी तहरा के फूलों की होली से महिला और पुरुष आदि लोगो ने फाग महोत्सव खेला,भजन संध्या में उत्सव दातार का -ठाकुर की कृपा से भजन प्रहावक उमा लहरी,राजूजी ,ऋषभ मित्तल , पल्लवी शर्मा ,रिद्देश अरोड़ा,हर्ष,महेश दरगड़,अनिल शर्मा ,राकेश गुरुजी,महेश खण्डवाल आदि अपनी अपने मीठे मीठे भजनों से भगवान श्याम के दरबार में सभी श्याम प्रेमियों को रिझाया।

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस पर शुभकामनाएं

### राजस्थान दिवस पर प्रदेश में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

### अब हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाएगा राजस्थान दिवस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 30 मार्च (रविवार) को राजस्थान दिवस पर जयपुर में सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में इस आयोजन में लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। जिसके तहत 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**राजस्थान दिवस पर सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाए जाने के क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में लोक कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय भावना पर आधारित कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। साथ ही, सभी जिला मुख्यालयों पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन भी होगा। वहीं प्रदेश के देवस्थानों में विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। इन आयोजनों में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति, लोकनृत्य एवं लोक कला देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से बड़ी संख्या में इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर राजस्थान दिवस मनाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान दिवस (30 मार्च, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि राजस्थान दिवस को भारतीय संस्कृति के अनुरूप बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाएं। सभी आमजन अपने घरों में दीपक जलाएं, घर के द्वार पर बांधनवार लगाकर रोशनी करें तथा विकसित राजस्थान बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें।

## राजपुताना का इतिहास गौरवशाली : शर्मा

### राजकीय विद्यालय में मनाया राजस्थानी दिवस

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नौरंगपुरा में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय घीसा बाबा की ढाणी में शिक्षा विभाग के आदेशों की पालनार्थ शनिवार को नो बैग कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान दिवस शाला प्रधानाध्यापिका अनिता राज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला स्टाफ एवं विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात राजस्थानी लोक गीतों एवं नृत्यों पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें राजस्थानी परिवेश झलका। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला प्रधानाध्यापिका अनिता राज शर्मा ने कहा कि राजस्थान का प्राचीन नाम राजपूताना है और यहां का इतिहास गौरवशाली रहा है। राजपुताना का इतिहास शौर्य पराक्रम , त्याग, बलिदान की मिसाल पेश करते है। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य पराक्रम, पन्नाधाय के त्याग और बलिदान, रानियों के जौहर, मारवाड़ के जैंता कूंपा के संघर्ष की गाथा सुनाई ओर राजस्थान की लोक संस्कृति , राजस्थान के एकीकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। शिक्षक रामनारायण गुर्जर ने राजस्थानी उद्बोधन खम्मा घणी सा, लोक नृत्य घूमर , राजस्थानी पोशाक, शैलियों ओर विभिन्न ऐतिहासिक दुर्ग, किले, महल आदि की जानकारी प्रदान की। अंत में कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं स्पेशल भोजन खिलाया गया। इस मौके पर शाला स्टाफ, कई प्रबुद्धजन और स्कूली छात्र छात्रा मौजूद रहें।

## जयपुर जिला कलक्टर ने अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के दिये निर्देश

### विगत वर्ष 523 प्रकरणों में वसूला गया 5.27 करोड़ रू. जुर्माना, पिछले 3 महीनों में 96 प्रकरणों में वसूला गया 3.16 करोड़ रू. जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का .स .)। जयपुर जिला कलक्टर डॉ . जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट में सम्बंधित अधिकारियों की विशेष जांच दल की बैठक ली और अब तक की गई कार्रवाई का विश्लेषण कर आगे के लिए दिशा—निर्देश दिए। बैठक में खनन अभियन्ता श्री श्याम कापड़ी ने बताया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से कार्रवाई में 1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक ,कुल 523 प्रकरण बनाकर 5 .27 करोड़ रू . जुर्माना वसूल किया, 153 एफ .आई .आर . दर्ज करवाई गई। वहीं, 1 जनवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 तक 96 प्रकरण बनाकर 3 करोड़ 16 लाख रू . जुर्माना वसूल किया गया तथा 9 एफ .आई .आर . दर्ज करवाई गई। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम, उप वन सरंक्षक जयपुर, उप वन सरंक्षक जयपुर उत्तर, उप वन सरंक्षक वन्यजीव उप वन सरंक्षक (चिड़ियाघर), जिला परिवहन अधिकारी प्रथम, जिला परिवहन अधिकारी द्वितीय एवं खनि अभियंता जयपुर उपस्थित रहे।

## जयपुर बम ब्लास्ट मामला : जिंदा बम मामले में 4 अप्रैल को आएगा फैसला

### ब्लास्ट के 8 मामलों में हाईकोर्ट कर चुका है बरी, 4 आरोपियों को लेकर आएगा फैसला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** गुलाबी नगर में करीब 17 साल पहले सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले जिंदा बम मामले में 4 अप्रैल को फैसला आएगा। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में जज रमेश कुमार जोशी जिंदा बम प्लांट करने के मामले में 4 आरोपियों को फैसला सुनाएंगे। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने शनिवार को फैसले का दिन तय किया था। लेकिन अब फैसला 4 अप्रेल को सुनाया जाएगा। इससे पहले ब्लास्ट के 8 मामलों में यही अदालत करीब साढ़े 5 साल पहले आरोपियों को फांसी की सजा सुना चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने सजा को रद्द कर सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिग है।

चारदीवारी में 13 मई 2008 को 8 सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। करीब 11 साल बाद 20 दिसंबर 2019 को जयपुर बम ब्लास्ट की विशेष अदालत ने सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और एक अन्य नाबालिग (जिसे बाद में हाईकोर्ट ने घटना के समय नाबालिग माना) को फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं, एक आरोपी शाहबाज अहमद को बरी कर दिया था। इसके बाद एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने 29 मार्च 2023 को विशेष अदालत का फैसला पलट कर सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में जांच एजेंसियों की कमियों को भी उजागर किया था। इसके बाद एटीएस ने इस मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साइकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे। आरोपियों की ओर से वकील मिन्हाजुल हक ने बताया कि बचाव पक्ष की ओर से किसी भी गवाह के बयान दर्ज नहीं करवाए गए। उन्होंने कहा कि इस मामले और पूर्व में ब्लास्ट के 8 मामलों के तथ्य समान है।

## 1 हजार 400 से अधिक युवाओं के सुनहरे भविष्य की राह हुई प्रशस्त

### राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर शनिवार को जयपुर स्थित यूथ हॉस्टल में जिला प्रशासन, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले का आयोजन हुआ।

उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि शासन सचिव श्री नीरज के. पवन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए रोजगार मेले में 1 हजार 440 युवाओं के रोजगार के साथ-साथ सुनहरे भविष्य की राह प्रशस्त हुई है। इस मौके पर युवा साथी केन्द्र का भी उद्घाटन किया गया। श्री नीरज के. पवन ने मौके पर ही 29 युवा आशार्थियों को विभिन्न निजी संस्थानों में नियुक्ति पत्र प्रदान किये। नवरेखा ने बताया कि रोजगार मेले में 4247 आशार्थियों ने भाग लिया। इसमें विनिर्माण, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सिक्योरिटी, कॉल सेंटर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने भाग लिया। कंपनियों ने मौके पर ही 965 युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया एवं प्रशिक्षण हेतु 475 आशार्थियों का चयन कर कुल 1440 आशार्थियों को लाभान्वित किया। इस मौके पर स्वरोजगार की जानकारी एवं करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग के श्री संदीप नाग एवं श्री नीरज माथुर भी उपस्थित रहे एवं युवा मामले विभाग के श्री कौशल पहाडिया जी की सहभागिता रही। पूर्णिमा कॉलेज, कानोड़िया कॉलेज, संगठ संस्थान एवं युवा साथी केन्द्र के करियर काउन्सलर्स ने इस मौके पर उपस्थित युवा आशार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया।

## घूमर महोत्सव में राजस्थानी गीतों पर झूमी महिलाए डीजे म्यूजिक पर महिलाएं ताल से ताल मिलाती दिखी

### 'बेस्ट कपल', 'बेस्ट मेल डांसर' और 'बेस्ट फीमेल डांसर' रहा विशेष आकर्षण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) की ओर से सोडाला स्थित हीरा वैली रिसोर्ट स्वेज फार्म न्यू सांगानेर रोड जयपुर में जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी के तत्वावधान में भव्य घूमर महोत्सव का आयोजन हुआ । इस रंगारंग कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष भाग लिया। इस पारंपरिक राजस्थानी लोकनृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को संगीतमय बना दिया। जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण 'बेस्ट कपल', 'बेस्ट मेल डांसर' और 'बेस्ट फीमेल डांसर' रहा। साथ ही विजेताओं को पुरस्कार वितरण सहित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ । इस घूमर महोत्सव में दो दर्जन से अधिक महिलाएं घूमर डांस करती नजर आई। इसके साथ ही डीजे म्यूजिक पर भी महिलाएं ताल से ताल मिलाती हुई दिखी । भवानी शंकर माली ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और पारंपरिक लोक-संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने का संकल्प लिया।

## जालूपुरा गली नंबर 2 में भव्य रोजा इफ्तार, भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** जालूपुरा गली नंबर 2 में हर साल की तरह इस बार भी रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी का आयोजन मोहम्मद जुबेर उर्फ शेरू (पुत्र बाबू भाई फ्रिज वाले) द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।मोहम्मद जुबेर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे को बढ़ावा देना है। हर साल की तरह इस बार भी इफ्तार के मौके पर लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी प्रेम व सौहार्द का परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का बेहतरीन उदाहरण बताया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने मिलकर दुआ की और शांति, प्रेम एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी। साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है। साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया। नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं।

इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 30 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- नेपोलियन बोनापोर्ट को हराने के बाद ब्रिटेन की सेना ने 1814 में पेरिस की ओर चल पड़ी।
- फ्लोरिडा 1822 में अमेरिकी गणराज्य में शामिल हुआ।
- बेहोशी की दवा के रूप में ईथर का 1842 में पहली बार इस्तेमाल हुआ।
- क्रिमिया नामक लड़ाई 1856 में पेरिस समझौते के साथ समाप्त हुई।
- हैमेन एल. लिपमेन ने 1858 में इरेजर के साथ जुड़ी पेंसिल का पहला पेटेंट रजिस्टर किया।
- अमेरिका ने रूस से अलास्का को 1867 में खरीदा।
- जर्मनी के डुसेलडॉफ शहर पर बेल्जियम की सेना ने 1919 में अपना कब्जा किया।
- महात्मा गांधी ने 1919 में रॉलेक्ट एक्ट के विरोध की घोषणा की।
- सोवियत संघ ने 1945 में आस्ट्रिया पर आक्रमण किया।
- राजस्थान राज्य की स्थापना 1949 में आज ही के दिन हुई और जयपुर को उसकी राजधानी बनाया गया।
- मर्रे हिल ने 1950 में फोटो ट्रांजिस्टर का अविष्कार किया।
- फ्रांस ने 1963 में अल्जीरिया के इकर क्षेत्र में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- अवैध अधिकृत फ़िलिस्तीन में 1976 में भूमि दिवस के नाम से बहुत बड़ा प्रदर्शन हुआ।
- स्वामी अग्निवेश ने 1977 में अपनी भारतीय आर्यसभा पार्टी को जनता पार्टी में विलय कर दिया।
- नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया ने 1982 में एसटीएस-3 मिशन पूरा कर पृथ्वी पर वापसी की।
- सत्यजित रे को 1992 में मानद ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- पाकिस्तान के कहुटा परमाणु संयंत्र पर 2003 में 2 वर्षों के लिए प्रतिबंध लगा।
- दिल्ली के मशहूर और पुराने सिनेमा धरों में से एक 1932 से चल रहे रीगल सिनेमा हॉल को 2017 में बन्द कर दिया गया।

### 30 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1853 में नीदरलैण्ड के प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक विन्सेंट वैन गो का जन्म हुआ।
- 1899 में भारत-पाकिस्तान विभाजन की रेखा तैयार करनेवाले सीरिल रैडक्लिफ़ का जन्म हुआ।
- 1908 में भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का जन्म हुआ।

### 30 मार्च को हुए निधन

- सिक्खों के आठवें गुरु गुरु हर किशन सिंह का सन 1664 में आज ही के दिन निधन हुआ।
- प्रसिद्ध संगीतकार आनंद बख्शी का सन 2002 में आज ही के दिन निधन हुआ।

# चैत्र नवरात्रि 2025 : नवचेतना और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव

**नवरात्रि का अर्थ है नव यानी नौ, और रात्रि यानी रातें। इसका मतलब है, यह नौ रातों का पर्व होता है, जिनमें विभिन्न रूपों में देवी की पूजा की जाती है। यह समय है आत्मनिर्भरता और आत्मशक्ति के जागरण का, जो हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।**



पं. गणेश शर्मा

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्र का पर्व विशेष महत्व रखता है, जो वर्ष में दो बार मनाए जाने वाले नवरात्रि में से एक है। यह पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना का समय होता है, जो आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस वर्ष, चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक मनाई जाएगी, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी दर्शाता है। नवरात्रि का यह समय न केवल देवी के प्रति आस्था और भक्ति की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह समाज में एकता, शक्ति और नैतिक मूल्यों की पुन: स्थापन का भी समय होता है।

### आधुनिकता और पारंपरिकता का संतुलन

आज के आधुनिक युग में जब समाज लगातार बदलाव की दिशा में बढ़ रहा है, तब नवरात्रि जैसे पारंपरिक पर्व हमें यह याद दिलाते हैं कि पुरानी परंपराओं में एक ऐसी शक्ति है, जो हमें मानसिक संतुलन और सामाजिक एकता की दिशा में मार्गदर्शन कर सकती है। हालांकि, इसमें कुछ बदलाव आ चुके हैं, जैसे पारंपरिक आयोजनों का रूप थोड़ा भिन्न हो गया है, लेकिन इस पर्व का मूल उद्देश्य आज भी वही है — आध्यात्मिक उन्नति और समाज के साथ एकता का प्रसार।

### चैत्र नवरात्रि 2025 का कैलेंडर और शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा तिथि से होती है, जो इस वर्ष 29 मार्च को शाम 4.27 बजे से प्रारंभ होकर 30 मार्च को दोपहर 12.49 बजे तक रहेगी। इस दौरान कलश स्थापना या घटस्थापना का विशेष महत्व है। 30 मार्च को शुभ मुहूर्त सुबह 6.13 बजे से 10.22 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.01 बजे से 12.50 बजे तक होगा।

नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है-

1. 30 मार्च (रविवार)- मां शैलपुत्री
2. 31 मार्च (सोमवार)- मां ब्रह्मचारिणी
3. 1 अप्रैल (मंगलवार)- मां चंद्रघंटा
4. 2 अप्रैल (बुधवार)- मां कूष्मांडा
5. 3 अप्रैल (गुरुवार)- मां स्कंदमाता
6. 4 अप्रैल (शुक्रवार)- मां कात्यायनी
7. 5 अप्रैल (शनिवार)- मां कालरात्रि
8. 6 अप्रैल (रविवार)- मां महागौरी
9. 7 अप्रैल (सोमवार)- मां सिद्धिदात्री

**आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व :** चैत्र नवरात्रि न केवल आध्यात्मिक उन्नति का समय है, बल्कि यह सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गरबा, डांडिया और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो समुदाय की एकता और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देता है। चैत्र नवरात्रि के नौ



दिनों में मां दुर्गा की पूजा विधिपूर्वक करने से व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। माता रानी को प्रसन्न करने के लिए निम्नलिखित उपाय विशेष रूप से प्रभावी हैं-

1. **कलश स्थापना (घटस्थापना)**- नवरात्रि की शुरुआत में कलश स्थापना करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह सुनिश्चित करता है।

### कलश स्थापना के लिए निम्नलिखित विधि अपनाएं-

- **स्थान चयन**-घर के उत्तर-पूर्व दिशा में स्वच्छ स्थान पर एक चौकी रखें।
- **कलश स्थापना**-कलश में जल, सुपारी, सिक्का, दूर्वा घास और आम के पत्ते रखें।
- **मंत्रोच्चारण**- ' यं यं यं यं यं यं यं यं यं यं यं' मंत्र का जाप करते हुए कलश स्थापित करें।

### नियमित पूजा और मंत्र जाप

नवरात्रि के नौ दिनों में प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा करें और निम्नलिखित मंत्रों का जाप करें

मां दुर्गा का मंत्र- ' दुं दुर्गायै नमः'

मां लक्ष्मी का मंत्र 'श्रीं महालक्ष्म्यै नमः'

मां सरस्वती का मंत्र ' ऐं सरस्वत्यै नमः'

**उपवास और आहार** -नवरात्रि में उपवास करने से आत्मिक शुद्धता और मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है। यदि पूर्ण उपवास कठिन हो, तो फलाहार या सात्विक आहार का सेवन करें।

**हवन और आरती**- नवरात्रि के विशेष अवसर पर हवन और दीप आरती का आयोजन करें। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और वातावरण को शुद्ध करता है।

**कन्या पूजन**- नवरात्रि के आठवें या नवें दिन नौ कन्याओं को आमंत्रित करें और उन्हें पूजन के बाद भोजन और उपहार प्रदान करें। यह माता रानी की विशेष कृपा का मार्ग प्रशस्त करता है।

**दान और सेवा**- नवरात्रि के दिनों में गरीबों को भोजन, वस्त्र या अन्य आवश्यक सामग्री का दान करें। यह पुण्य अर्जित करने और समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने का उत्तम तरीका है।

**घर की सफाई और सजावट**- घर की स्वच्छता और सजावट से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर के प्रत्येक कोने की सफाई और फूलों से सजावट करें।

### संकल्प और श्रद्धा

पूजा और व्रत को श्रद्धा और निष्ठा के साथ करें। अपने संकल्प को दृढ़ रखें और पूरे नौ दिनों तक नियमित पूजा का पालन करें।

## (घोर कलयुग की दस्तक)
# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

**समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है? महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े किये। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायी। माँ,बाप,भाई, दोस्त,पार्टनर को मारने की खबरें आम हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। अपराध और नैतिक पतन की ये घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्य और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट है।**



डॉ. सत्यवान सौरभ

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नज़र डालते हैं, तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की ख़बरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है। समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की क़ीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था। लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे ग़लत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



संजय शर्मा
(उप निरीक्षक)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के थानेदार संजय शर्मा। इनका जन्म 17 सितम्बर 1979 को गांव जनूथर, तहसील डीग, जिला भरतपुर में हुआ था. वर्तमान में गांव भी तहसील बन चुका हैं और जो नये जिले डीग मैं आता हैं। इनकी प्रारंभिक पढ़ाई क्लास 12 तक इनके गांव के ही राजकीय सीनियर से. स्कूल मैं हुई हैं, उसके बाद बीए पढ़ाई के लिए एमएसजे कॉलेज भरतपुर में एडमिशन लिया, जिसमें बीए फर्स्ट ईयर कि पढ़ाई के दौरान ही 16 मार्च 1998 को कांस्टेबल पद पर जिला कोटा से सलेक्शन होने पर ड्यूटी ज्वाइन की, कोटा पुलिस लाइन, कैथुनीपोल, रेलवे कॉलोनी आदि थानो पर कार्य किया, वर्ष 2009 मैं कोटा से अलवर ट्रांसफर होने पर पुलिस लाइन में ज्वाइन किया, उसके बाद वर्ष 2010 में एटीएस जयपुर में ट्रांसफर होने पर जयपुर हेडक्वार्टर पर ज्वाइन किया, जहाँ पर अनेक आईपीएस, आरपीएस ऑफिसर्स के साथ कार्य करने का मौका मिला, एटी एस पदस्थापन के दौरान जयपुर बम ब्लास्ट, अजमेर बम ब्लास्ट, रीट परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण केसेस पर काम करने का मौका मिला, एटीएस पदस्थापन के दौरान ही हेड कांस्टेबल और सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान हुई । ए टी एस में राजस्थान पुलिस के सिंघम कहे जाने वाले श्रीमान विकास कुमार जी के निर्देशन में कार्य करते हुए अनेक इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने मैं सफलता प्राप्त की जिसके लिए श्रीमान महानिदेशक पुलिस जयपुर द्वारा उप निरीक्षक पद पर विशेष पदोन्नति प्रदान कि गई।

वर्ष 2023 में वापस जिला अलवर ज्वाइन करने पर पुलिस अधीक्षक, अलवर द्वारा थानाधिकारी थाना कठूमर के पद पर पदस्थापन किया गया। जहाँ पर कई इनामी अपराधी, गैंग रेप और अन्य प्रकरण मैं वांछित मुल्जिमों को गिरफ्तार किये गए तथा अवैध कच्ची शराब बनाने कि फैक्ट्री, 150 लीटर कच्ची शराब, कई हजार लीटर वाश और करीब 11 लाख रूपए शराब कि विक्री रकम को पकड़ने में सफलता हासिल कि गई. वर्तमान थानाधिकारी थाना बहतुकला ( धोलागढ़ देवी ) के पद को सुशोभित कर रहे हैं

टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती हैं।

रूपक शर्मा

## 2025_084 | बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | 2 | 3 | | | 4 |
| | | 6 | | | | | | |
| 8 | 4 | 3 | | | | 5 | | 6 |
| | 1 | 4 | 2 | | 9 | 6 | | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | | 4 | 2 | 5 | |
| | 2 | | 7 | | 8 | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 9 | | | 8 | | | 3 | 6 | |
| 1 | 3 | 2 | | | 6 | | | |

**Ans_2025_083**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 5 | 6 | 3 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**वृष**
दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**
प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कर्क**
जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह**
संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**कन्या**
शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। आज के काम कल पर नहीं टालें।

**तुला**
कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

**वृश्चिक**
कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

**मकर**
कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन**
थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन आयोजित

## नियुक्ति पत्र पाकर नव नियुक्त कार्मिकों के खिले चेहरे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल के मुख्य आतिथ्य में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में आयोजित हुआ। जिसका राज्य स्तरीय समारोह प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में रामलीला मैदान कोटा में हुआ। राज्य स्तरीय समारोह का विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों में सजीव प्रसारण भी किया गया।

**जिले में 156 युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र :** जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि युवा देश-प्रदेश के विकास में सकारात्मक योगदान दें। जिला स्तरीय कार्यक्रम में खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, सीएमएचओं डॉ. अनिल जैमिनी द्वारा नवनियुक्त चयनित कार्मिकों को वेलकम किट और नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिनमें उप निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं सवाई माधोपुर में नव चयनित महिला पर्यवेक्षक संगीता खण्डेलवाल, नीलम कामिया, सीमा सक्करवाल, ज्योति चतुर्वेदी, सविता शर्मा, गीता सिंह, सुनिता वर्मा, काजल मीना, कान्ति मीना, राजकुमारी मीना, रीना मीना, अंकिता मीना, सपना मीना, माया मीना, बबिता मीना, मंजूलता मीना को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग में मनीषा शर्मा, नीतू शर्मा को ए.एन.एम., मौसी बैरवा एवं ऋषिकेश मीना को नर्सिंग अधिकारी, हेमलता मीना एवं अतुल जैमिनी को फार्मासिस्ट के लिए नियुक्त पत्र सौंपे। वहीं लेखराज मीना को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में छात्रावास अधीक्षक तथा शंकर लाल मीना को उच्च शिक्षा में सहायक आचार्य सहित सवाई माधोपुर जिले के 156 नव चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र वितरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंच संचालन जुगराज बैरवा ने किया।

इस दौरान उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग प्रियंका शर्मा, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग पंकज मीणा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी उपस्थित रहे।



# ग्राम पंचायत बूढ़ा देवल को लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका में शामिल करने का भारी विरोध

- ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर लगाया हाइवे पर जाम
- ज्ञापन सौंपे जाने के बाद मामला हुआ शांत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड की बूढ़ा देवल ग्राम पंचायत क्षेत्र को नवगठित लाम्बाहरसिंह में शामिल करने के विरोध में ग्रामीणो ने भारी विरोध प्रदर्शन व हाइवे पर जाम लगाने के बाद ज्ञापन देने के बाद मामला शांत हुआ। मामला इस प्रकार है कि स्वायत शासन विभाग ने एक अधिसूचना जारी की। जिसमें नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका की सीमा क्षेत्र का विस्तार कर समीपवर्ती ग्राम पंचाययत बूढ़ा देवल के समूचे क्षेत्र को नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका किया गया है। इससे पहले भी स्वायत शासन विभाग की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई थी। जिसमें भी बूढ़ा देवल ग्राम पंचायत क्षेत्र के कुछ ही गांवो को नवगठित लाम्बाहरिसिंह में शामिल किया गया था। इसके बाद बूढ़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणो ने आशिंक रूप से शामिल गांवो को वापस बूढ़ा देवल में ही यथावत रखने बाबत ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रकट किया था। लेकिन जब स्वायत शासन विभाग ने समूची ग्राम पंचायत बूढ़ा देवल क्षेत्र को ही लाम्बाहरिसिंह में शामिल कर बूढ़ा देवल ग्राम पंचायत को पूरी तरह से समाप्त करने का रास्ता खोल दिया। इसके बाद ग्रामीणो का आकोश व गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया। शनिवार को इसके विरोध में ग्रामीणो ने केकड़ी लाम्बाहरिसिंह रोड पर देवल के पास जाम लगा कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इसकी जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियो ने ग्रामीणो को समझने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणो ने अधिकारियो की नहीं सुनी और विरोध प्रदर्शन जारी रखा। मौके की बिगड़ी स्थिति पर काबू पाने के लिए अधिकारियो ने भारी पुलिस बल तैनात किया। अंत में लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी राजकुमार मौके पर पहुंच कर ग्रामीणो को समझाने का प्रयास किया। थानाधिकारी ने नायब तहसीलदार को भी मौके पर बुलाया। जिनकी समझाइस का असर होने के बाद ग्रामीणो ने उपखण्ड अधिकारी, जिला कलक्टर सहित अन्य आला अधिकारियो सहित के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व सरपंच सत्यनारायण राजपुरोहित, सरपंच प्रतिनिधि चन्देशेखर, गोपाल दरोगा,कन्हैयालाल, सहित बूढ़ा देवल क्षेत्र के भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजुद रहे।

# भारतीय नववर्ष भारतीय संस्कृति का प्रतीक : जिनेन्द्र मेन्दवास्या

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकली वाहन रैली

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रमो की श्रृखंला में शनिवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई। वहीं रविवार को भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर अनेक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। बीति देर रात्रि भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में शहर में की गई सजावट व दूधिया रोशनी का थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा की मौजुदगी में भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द मेन्दवास्या ने स्विच ऑन कर शुभारम्भ किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में मेन्दवास्या ने कहा कि भारतीय नववर्ष भारतीय संस्कृतिक का परिचायक और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियो को एक जनवरी को नहीं बल्कि भारतीय नववर्ष को ही अपना नया साल मानना चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रतीक भारतीय नववर्ष को पूरे उत्साह, उमंग व परम्परा के साथ मनाया जाकर भारतीय संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। वहीं भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में शनिवार को देर शाम पुरानी तहसील स्थित श्री चारभुजानाथ के मन्दिर से विशाल एवं भव्य भगवा वाहन रैली रवाना हुई। इस रैली को संत श्री रामशरण दास जी महाराज ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल से आदर्श नगर स्थित शिव मन्दिर पहूंची। जहां सामूहिक हनुमान चालीसा पठन के बाद महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। पाठक ने बताया कि नववर्ष कार्यक्रमो की श्रखंला के अन्तर्गत रविवार को शहर में मुख्य स्थानो पर रंगोलिया सजाई जाएगी। सजावट के तोर पर बने आकर्षक एवं विशाल तोरणद्वार से हर आने जाने वालो पर पुष्पवर्षा की जाएगी। हर आने जाने वाले राहगीरो को भारतीय नववर्ष की बधाई दी जाएगी। वहीं देर शाम सुभाष सर्किल पर 11 सो दीपको से आरती के बाद भारत माता की पूजा व महाआरती होगी। साथ ही सुभाष सर्किल पर आकर्षक सेल्फी पाइन्ट भी बनाया जाएगा।

# शांति भंग करने पर 07 महिला पुरूषों को किया गया गिरफ्तार

## बजरी का अवैध खनन, चोरी कर परिवहन करने के दौरान राज्यकर्मियों पर हमला कर हत्या करने के प्रयत्न में 01 वर्ष से फरार 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू (नि.स.)।** पुलिस अधीक्षक टोंक द्वारा 1 वर्ष से अधिक लम्बित प्रकरणों में फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी कर प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत झिराना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थानाधिकारी राजेन्द्र ताड़ा ने बताया कि अवैध बजरी खनन कर परिवहन के दौरान राज्य कर्मियों पर हत्या का प्रयत्न कर 01 वर्ष से फरार 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शांतिभंग के मामलों में भी 7 महिला-पुरुषों को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं रैकी में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जब्त किया गया है।

**बजरी चोरी करके कमा रहे थे मोटा मुनाफा :** अभियुक्तगण पुलिस व प्रशासन की सजगता की रैकी कर बनास नदी से बजरी खनन कर अपने वाहन के माध्यम से उसे बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। जो पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी रोकथाम करने पर अपने वाहनों से टक्कर मारकर फरार होने में माहिर थे। 24 मार्च 2024 को 3 ट्रेक्टर ट्रोली चालक, मालिकों द्वारा बजरी का अवैध रूप से खनन व चोरी कर परिवहन करने के दौरान पुलिस वाहन के टक्कर मारकर राज्य कर्मियों की हत्या करने का प्रयत्न कर फरार हो गए थे। थानाधिकारी ने बताया कि अभियुक्त बार-बार अपने ठिकाने बदलकर निवास कर रहे थे।

**इनको किया है गिरफ्तार :** कर्मियों पर हमला कर हत्या करने के मामले में दूधीमल मीणा व कुलदीप मीणा को गिरफ्तार किया है। साथ ही शांतिभंग में नवरतन मीणा, धर्मेन्द्र उर्फ कालू मीणा, शक्ति सिंह, पप्पूलाल मीणा, मौसमी मीणा, मनचैता मीणा व मन्जू मीणा को गिरफ्तार किया है।

# कार्यवाहक सभापति भूली ईद भूल सुधार कर लेंगे : मेघा




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कार्यवाहक सभापति मेघा वर्मा की ओर से शहर में नव संवत्सर, गणगौर व रामनवमी की शुभकामनाएं गले का फांस बन गई है। कार्यवाहक सभापति की इस भूल को कांग्रेस ने अपना अच्छा मुद्दा बना लिया है क्योंकि सोमवार को देशभर में मुस्लिमों का पर्व ईद भी मनाई जाएगी। ईद की उपेक्षा करना कार्यवाहक सभापति को भारी पड़ गया है। हालांकि सभापति ने अपनी भूल को सुधारने के लिए स्पष्ट रूप से नगर परिषद को निर्देश दे दिए हैं कि अविलंब सुधार करते हुए जो मुस्लिमों को ठेस पहुंची है उसे सुधारा जाए।

# नोग बैग डे : मदरसों के बच्चों को कराया राजस्थान की संस्कृति से रूबरू



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के अधीन संचालित जिले के समस्त पंजीकृत मदरसों में राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने एवं राजस्थान को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने की शपथ दिलाई गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना ने बताया कि शनिवार को नो बैग डे के अवसर पर समस्त मदरसों में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों को राजस्थान की संस्कृति से रूबरू कराया गया। इस दौरान राजस्थानी वेशभूषा पहनकर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

# राजस्थान दिवस पर आज होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

## रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ प्रातः 7 बजे रणथम्भौर सर्किल से




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 30 मार्च को प्रातः 7 बजे अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ को रणथम्भौर सर्किल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। यह दौड़ रणथम्भौर सर्किल से सर्किट हाउस पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसी क्रम में 30 मार्च को सांय 7 बजे दशहरा मैदान बजरिया सवाई माधोपुर में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की उपस्थिति में राजस्थान उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे । जिसमें लोक-कलाकार रामेश्वर प्रसाद मीणा एण्ड पार्टी छारोदा, भवानी शंकर मीणा एण्ड पार्टी, ग्राम घुड़ासी द्वारा गणेश वंदना, पद दंगल, करवर बूँदी से आने वाले हरीशंकर नागर एण्ड पार्टी व बाबूलाल सोनी एण्ड पार्टी द्वारा कच्ची घोड़ी अलगोजा नृत्य, पंछीडा नृत्य एवं स्थानीय विद्यालयों की प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुती दी जाएगी। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने जिलेवासियों से राजस्थान के दिवस के अवसर पर घरो को सजाने, उत्सव मनाने एवं बढ़ चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर शहर व बजरिया के मुख्य मुख्य चौराहों पर आकर्षक लाईटिंग की जाएगी। 30 मार्च 2025 को राजस्थान के सभी राजकीय संग्रहालय व राजकीय स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# बरोनी शिवाड़ रोड पर नाहरवाड़ी मोड़ के समीप असंतुलित होकर पलटी कार, एक की हुई मौत, दूसरा गंभीर घायल ,जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शनिवार की दोपहर में जयपुर से हतोना जा रही एक असंतुलित होकर खेत में जाकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार में सवार एक जने की मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव व घायल को उप जिला अस्पताल निवाई में लाया गया। जहां मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया और घायल का उपचार कर जयपुर रैफर कर दिया गया। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि मोहनलाल पुत्र बद्री प्रजापत उम्र 40 वर्ष निवासी कुम्हारों की झोपडी पार्वती नगर शिवाड व रतन पुत्र बाबूलाल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी हाथोज जयपुर कार में सवार होकर गांव हतोना जा रहे थे। इसी दौरान नाहरवाडी मोड पर कार असंतुलित होकर खेत में जाकर पलट गई। इस दुर्घटना में मोहनलाल प्रजापत की मौत हो गई तथा रतनलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से मृतक के शव व घायल को उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया और घायल को उपचार के लिए भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार कर चिंताजनक हालत में गंभीर घायल रतनलाल को चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के पहुंचने पर शव पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में लीगल सर्विसेज यूनिट फोर चिल्ड्रन एवं लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय के सदस्यों को प्रशिक्षित करने हेतु शनिवार को एडीआर सेन्टर, जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित प्रतिभागीगण को नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 का उद्देश्य, बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने, आपराधिक न्याय प्रक्रिया में बच्चों के लिए कानूनी सहायता, बच्चों के संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों के साथ सम्पर्क स्थापित कर उनकी सुरक्षा हेतु किए जा सकने वाले प्रयासों तथा नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2024 के तहत मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक असक्षता वाले व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों, उनके लिए कानूनी सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने एवं उन्हें सभी सिविल, प्रशासनिक, आपराधिक एवं अन्य मामलों में कानूनी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए आवश्यक प्रयासों आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# प्रताप नगर जयपुर में वीर तेजाजी की मूर्ति खंडित करने से सर्व समाज में रोष, उपराष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** प्रताप नगर जयपुर में सामली तत्वों द्वारा वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति खंडित करने से आक्रोशित सर्व समाज के लोगों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के नाम एसडीम सुरेश कुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि सेक्टर 3 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में स्थित लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को खंडित कर दिया है। इस घटना से जाट समाज सहित सर्व समाज में रोज व्याप्त हो रहा है। ज्ञापन में असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करवाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की गई है। इस दौरान डॉ. तेज भंवरसिंह राठौड़, दयाराम गुर्जर, हीरालाल जाट, सतीश शर्मा, विनोद चौधरी, रामेश्वर चौधरी, राकेश मिश्रा, रामबाबू शर्मा, राम कल्याण पूनिया, पुरुषोत्तम शर्मा, अंकित चौधरी व मुकेश बेनीवाल सहित अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## प्रतिमा अनावरण एवं विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन का हुआ शिलान्यास

# संविधान को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है : जूली



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आरएसएस संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दो विचारधारा चल रही है एक अंबेडकर की जो सभी को साथ लेकर चलना चाहती हैं दूसरी आरएसएस की विचारधारा अगर हमने अब भी यह बात नहीं समझी तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमे कभी माफ़ नहीं करेगी। जूली बोले संविधान को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। जूली शनिवार को राजगढ़ के देवती गांव में बाबासाहेब की प्रतिमा अनावरण एवं विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों मे शिक्षा पूरी करते हुए देश को एक नई दिशा दी। जूली ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते रहे।उन्होंने सिंबल ऑफ नॉलेज का जो कीर्तिमान हासिल किया उसकी गूंज विदेशों तक आज भी है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले डॉ अंबेडकर ने शिक्षा के क्षेत्र में देश को विकास की दिशा में ले जाने की नींव रखी। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के आर्थिक ढांचे को विकसित करने तथा आर्थिक सिद्धांतों और उनके विश्लेषण में उनका अतुलनीय योगदान भुलाया नहीं जा सकता। जूली ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को एक नई दिशा देने का जो अहम कार्य किया, उसकी बदौलत ही आज भारत का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछड़े,दलित, जरूरतमंदों एवं सर्व समाज के उत्थान के लिए डॉ. अंबेडकर के द्वारा किए गए प्रयासों का ही नतीजा है कि आजादी से अब तक हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर विधायक कांति मीणा,मांगीलाल मीणा,डीसी बैरवा, प्रधान भौंरी राजेंद्र सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, चुन्नीलाल, शिवचरण बलाई,एल एन वर्मा, निहाल सिंह, बी आर शास्त्री,बनवारी मीमरोठ, छोटेलाल जाटव, सूरजभान,शीशराम,राजेश बैरवा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# युवाओं के सपनों को पूरा करने का कार्य कर रही है राज्य सरकार : राज्य मंत्री

- जिला स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव आयोजित, जिले के नवनियुक्त कार्मिकों से मुख्यमंत्री शर्मा ने किया संवाद
- जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में पंचायत समिति सभागार में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवा कल्याण की प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है ताकि राज्य को विकसित बनाने की संकल्पना साकार हो सके। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन माननीय राज्य मंत्री राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार श्री विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में पंचायत समिति कोटपूतली के सभागार कक्ष में किया गया। इस दौरान कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एसडीएम कोटपुतली बृजेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, चिकित्सा विभाग से श्री रविकांत जांगीड़ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य मंत्री सिंह ने विभिन्न विभागों में जिले के 158 नव नियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कुछ कार्मिकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।



**सभी वादें किए पूरे, जनाकांक्षाओं का रखा ध्यान :** राज्य मंत्री सिंह ने नव नियुक्त कार्मिकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने आज कोटा से 7800 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी कर उनके सपनों को पूरा करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। युवाओं के रोजगार के सपनों को समयबद्ध भर्ती परीक्षा आयोजित कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं संकल्प पत्र में आमजन से किए गए वादों को पूरा किया जा रहा है। हमने जनाकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखा है। विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की इच्छाओं का पूरा ध्यान रख रही है। राज्य सरकार के कल्याणकारी निर्णयों और योजनाओं से प्रदेश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा। बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि युवा देश का भविष्य और वर्तमान है और राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**नवनियुक्त कार्मिकों से मुख्यमंत्री शर्मा ने किया संवाद :** कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद किया। कृष्णा यादव ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ज्योति कुमारी ने महिला सुपरवाइजर, चंदन सिंघल ने सहायक आचार्य के पद पर नियुक्त पत्र प्राप्त कर माननीय मुख्यमंत्री महोदय व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व का ही नतीजा है कि समयबद्ध पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां संपन्न हो पाई है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संवाद के दौरान नवनियुक्त कार्मिकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार सदैव युवाओं के हित के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को कहा कि घर जाते समय घरवालों के लिए मिठाई अवश्य रूप से लेकर जाएं।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं को मिली सौगातें

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का शुभारंभ किया। साथ ही, श्री शर्मा प्रदेश के युवाओं के लिए स्किल नीति एवं युवा नीति का विमोचन भी किया । उन्होंने द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन हेतु दिशा-निर्देश, नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र आदि के दिशा निर्देश जारी किए।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन हुआ आयोजित

## कार्यक्रम के दौरान 59 नवनियुक्त कार्मिकों को दिए नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल -तिजारा, ( मुकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में दशहरा मैदान कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल तिजारा के सभागार में किया गया।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण :** इस अवसर पर कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 7800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी की नियुक्ति पत्रों का वितरण किया साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड रुपए से अधिक राशि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान का शुभारंभ, जिला मुख्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन, स्किल नीति का विमोचन तथा युवा नीति का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं अटल ज्ञान केंद्र, नई किरण लक्ष्या नशा मुक्ति केंद्र, निजी क्षेत्र में रोजगार पर वित्तीय सहायता, द्रोणाचार्य अवॉर्डियो को भूमि आवंटन के दिशा निर्देश जारी किए।



**जिला कलेक्टर द्वारा जिले में 59 नवनियुक्त कार्मिकों को दिए गए नियुक्ति पत्र :** इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिले में नवनियुक्त 59 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नव नियुक्त कार्मिकों में मेडिकल विभाग के 19 एएनएम, 28 फार्मासिस्ट, 09 नर्सिंग ऑफिसर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 3 नवनियुक्त कार्मिक सहित कुल 59 नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट का वितरण भी किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) हरवीर भड़ाना, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आमजन एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालक अभिषेक कौशिक द्वारा किया गया।

# श्री ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक हुई आहूत



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक परशुराम भवन में आयोजित की गई। नवनिर्वाचित सचिव मनोज जैमन ने बताया कि श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम श्री परशुराम भगवान जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला व दीपक जलाकर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव प्रक्रिया खत्म हो चुकी है, हम सभी को साथ रहकर सामाजिक सरोकार पर ध्यान देना है। समाज को एक नई दिशा देनी है। इसके लिए हम सबको साथ मिलकर कार्य करना है। इसीलिए समाज की कार्यकारिणी में वरिष्ठ विप्र जनों व युवाओं को साथ लेकर कार्यकारिणी का निमार्ण किया है। जिससे आने वाले दिनों में समाज को एक नई दिशा मिले। कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों ने अपना-अपना परिचय दिया और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने का समाज को विश्वास दिलाया। बैठक में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद भवन में महाराणा सांगा के लिए की गई अभद्र टिप्पणी के संबंध में ब्राह्मण समाज राजगढ़ के द्वारा सांसद रामजीलाल सुमन की निंदा की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का कार्यक्रम अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को प्रातः 7.15 से लेकर 9 10 तक का समय सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होने पर हवन का आयोजन, अभिषेक,पूजा श्री ब्राह्मण धर्मशाला में किया जाएगा। भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा एवं झांकी को ही सांयकाल 3 बजे निकाली जाएगी जाएगी। बैठक में पूर्व अध्यक्ष संत ज्ञानेश्वर, दिनेश प्रधान , मदनलाल शर्मा, सुरेश्वर दयाल, राजेश शर्मा पंचायत समिति, लाडली शरण शर्मा, किशोर मुखर्जी, सुभाष तिवारी , महेश तिवारी ,प्रकाश दीक्षित, प्रदीप शर्मा , विवेक दीक्षित, विक्की पटेल ,अजय दीवान , तुलसी शर्मा , हेमंत वशिष्ठ एडवोकेट , अभिमन्यु तिवारी, विकास शर्मा , नरेंद्र शर्मा गोठ , विपिन भारद्वाज , ऋतुराज मिश्रा , रोहिताश धौलान , तरुण शर्मा, बाबूलाल शर्मा, अमरचंद सिद्ध, बिजेंद्र मिश्रा, महिला पदाधिकारी मिथिलेश जैमन, राजेश्वरी मिश्रा , सीता जोशी , अनीता शर्मा बल्लुपुरा, सुनीता शर्मा, कृपा जैमन, सहित 58 सदस्यों ने प्रथम बैठक में भाग लिया। कार्यकारिणी का विस्तार इस माह में किया जाएगा।

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

### बड़ी संख्या में जिले के युवाओं ने दौड लगाकर दिया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड का आयोजन मिनी सचिवालय स्थित जिला कलक्ट्रेट कार्यालय से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक किया गया, जिसमें जिले बडी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मैराथन को अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर महावर ने मुम्बई में आयोजित 4हृद्ध इंडियन ओपन नेशनल थ्रो कॉम्पटीशन के अंडर-18 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही अलवर निवासी सुनैना पूनिया को साफा, माला, मेडल पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी श्रीमती अंजना शर्मा, खेलो इंडिया कोच सुरेन्द्र कुमार सहित बडी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज

## रन फोर फिट राजस्थान का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से सरदार स्कूल से

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद, कोटपूतली के भवन में रविवार को सांय 7 से 9 बजे तक आयोजित किया जाना है, उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार को प्रभारी अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, कोटपूतली धर्मपाल जाट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

* समस्त राजकीय/ सार्वजनिक भवनों एवं स्मारकों पर रोशनी की जाएगी।
* रन फोर फिट राजस्थान का आयोजन (प्रातः 6ः30 बजे से, राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली से कलेक्ट्रेट कोटपूतली-बहरोड़ तक)
* राजस्थान फेस्टिवल 30 मार्च 2025 के तहत जिले में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति।
* राष्ट्रीय भावनाओं पर आधारित कवि सम्मेलन का आयोजन।

## 90 बाइक एक स्विफ्ट, एक इको कार व एक ट्रैक्टर जलकर हुए खाक

# थाने में जप्त वाहनों में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

## पुलिस व स्थानीय लोगों में आग लगने से मचा हड़कंप



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** टपूकड़ा थाना परिसर में खड़े जप्त वाहनों में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से हड़कंप मच गया आग को देखकर पुलिस सहित स्थानीय लोगों के हाथ पैर फूल गये ।आग कि सूचना पुलिस द्वारा कनट्रोल रूम को दी गई जिसकी सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर जिन्होंने आग पर काबू पाया तब तक थाना परिसर में जप्त खड़ी 90 मोटरसाइकिल, एक स्विफ्ट डिजायर,एक इको कार व एक ट्रैक्टर जलकर खाक हो गए पुलिस आग लगने के कारणों कि जांच में जुट गई है ।

# पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष बने मुकेश मित्तल, लोगों ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल को मनोनीत किया गया है। यह एक राष्ट्रीय संगठन है जिसकी पूर्व राजस्थान में प्रदेश इकाई का गठन किया गया है । जो पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के नाम से कार्यरत है पूर्वी राजस्थान से अलवर जिले के संगठन के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल की अभिशंसा से संगठन में



पूर्वी राजस्थान अध्यक्ष अलवर जिले में जिला अध्यक्ष का दायित्व मुकेश मित्तल को दिया है और विश्वास जताया है कि संगठन समाज सेवा, सामाजिक संपर्क, सरोकार व अन्य कार्यों को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ किया जाएगा। इधर युवा समाजसेवी मुकेश मित्तल को जिला अध्यक्ष बनने पर लोगों ने भावभीनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। मीडिया से बात करते हुए मुकेश मित्तल ने कहा कि इस मामले में चेयरमैन प्रदीप मित्तल जी ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंघानिया और प्रदेशाध्यक्ष श्रीकांत मुरारका जी का में आभार प्रकट करता हूं और उनकी अपेक्षाओं व विश्वास पर खरा उतरते हुए समाज की जिम्मेदारी का पूर्णतया निर्वहन करूँगा।

# शिक्षिका को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल -तिजारा, ( मुकेश शर्मा )।** सेंट जेवियर स्कूल, भिवाड़ी की शिक्षिका पुष्पा त्यागी का सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व ईश वंदना से की गई।पुष्पा त्यागी अपने कार्य के प्रति समर्पित, विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार, आत्मविश्वासी तथा सभी के लिए प्रेरणा की स्रोत रही। मैनेजर फादर थॉमस कुरियाकॉस ने संस्था के प्रति त्यागी मैम के 29 वर्षों के योगदान व समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य फादर सोबिन के थॉमस ने मैम की अध्यापन शैली, व्यवहार तथा उनके कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भावी पीढ़ी के लिए आदर्श बताया। प्रतिभा मैम व एन सजी ने अपने अनुभव साझा किए। उपप्रधानाचार्या सिस्टर ग्रेसी ने आभार व्यक्त करते हुए मैम के अनुशासन को आदर्श बताया व कार्य के प्रति उनके समर्पण भाव की प्रशंसा की। मंच संचालन श्रीमती देविका कपूर के द्वारा किया गया।

# चेटीचंड महोत्सव के तहत आज निकाली जाएगी दुपहिया वाहन रैली रक्तदान शिविर सहित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपलानी ने बताया कि 30 मार्च, रविवार को आयोजित होने वाले चेटीचंड महोत्सव के लिए झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान, सूरजपोल पर सुबह 7 बजे नवरात्रा स्थापना होगी। इसके बाद श्री झूलेलाल जी का अभिषेक, झंडारोहण, दीप प्रज्वलन तथा रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इससे पूर्व प्रातः 5 बजे सिंधी नवयुवक सेना के नेतृत्व में दुपहिया वाहन रैली श्री झूलेलाल मंदिर, विज्ञान नगर से रवाना होकर नगर के विभिन्न इलाकों से होती हुई 8.30 बजे रामतलाई स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर पहुंचेगी। यहां उसका स्वागत, नवरात्रा करके चेटीचंड महोत्सव का उद्घाटन समारोह सम्पन्न होगा। समिति के महामंत्र हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि अपराह्न 3.30 बजे विशाल शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर नगर के मुख्य बाजारों और मोहल्लों से होती हुई रात 9 बजे श्री सत्येश्वर महादेव मंदिर (बाराद्वारी) पर पहुंचेगी। यहां बहराणा ज्योति का पूज्य जलाशय में विसर्जन किया जाएगा। भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी होगा। समिति की ओर से सभी समाज बन्धुओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग और समर्थन देने की अपील की गई है। समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी ने बताया कि सुबह के कार्यक्रम में 23 मार्च को आयोजित हुई गए रंग भरो प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता व पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। समिति के संरक्षक लधा राम ग्वालानी ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों के तहत 6 अप्रेल, रविवार को दोपहर 12 बजे चेटीचंड महोत्सव के दौरान सहयोग करने वाली संस्थाओं, शोभायात्रा में स्वागत करने वाली संस्थाओं, शोभायात्रा में झांकियां देने वाली संस्थाओं एवं शोभायात्रा मार्ग में साथ चलने वाली छैज मंडलियों का सम्मान एवं समापन समारोह भक्ति संगीत के साथ आयोजित किया जाएगा।

# प्लॉट के नाम पर बुजुर्ग से 93 लाख ठगे

## नकली दस्तावेज से बेच डाला प्लॉट, अधिक मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित को डुबोया कर्ज में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालपुरा थाना इलाके में बदमाशों के 78 साल के बुजुर्ग को फेक दस्तावेज से प्लॉट बेच डाला। अधिक मुनाफे का झांसा देकर 93 लाख रुपए नगद ठग लिए। गिरवी रखे मकान और लोन के कर्ज में डूबे बुजुर्ग ने थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। पांच महीने से न्याय की गुहार लगाने के बाद भी पुलिस अभी तक आरोपियों को पकड़ नहीं पाई है। पुलिस के अनुसार इंदिरा नगर गोपालपुरा मोड़ निवासी बाबूलाल गुर्जर (78) ने मामला दर्ज करवाया है कि नकली दस्तावेज के जरिए उनको प्लॉट बेचकर बदमाशों ने 93.24 लाख रुपए नगद ऐंठ लिए है। घरेलू गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले विनोद कुमार यादव को पिछले करीब 8 साल से जानते थे। अपनी पांच पोतियों की शादी के लिए रिटायर्ड होने के बाद भी कुछ करना चाहता था। विनोद को कोई प्लॉट बताने के लिए कहा। जो कुछ समय रखने के बाद बेचने पर प्रॉफिट में बिक जाए। गैस सिलेंडर सप्लायर विनोद कुमार ने कुछ दिनों बाद ही बंबाला पुलिया के पास 350 गज का प्लॉट दिखाया। प्लॉट की कीमत 33 हजार 500 रुपए प्रति गज के हिसाब से होना बताया। बजट से बाहर होने की कहने पर आरोपी विनोद ने झांसा दिया। इसकी कीमत 45 हजार रुपए गज के हिसाब से है। हाउसिंग बोर्ड से जल्द इसे जेडीए एक्वायर कर लेगा तो इसकी कीमत बढ़ जाएगी। रुपए कम करवाने की कहने पर बिचौलिए से मिलवाकर सौदा करवाने के लिए कहा। प्लानिंग के तहत विनोद ने प्लॉट के सौदे के लिए गणेश शर्मा व उसकी साथी महिला से मिलवाया। तीनों ने प्लॉट को कोटा निवासी मुनीश कुमार कंचन का बताया। मुनीश कुमार से मिलने के लिए कहा तो आरोपियों ने रजिस्ट्री के समय कोटा से आने के लिए कहकर टाल दिया। प्रॉफिट के झांसे में लेकर प्लॉट का सौदा कर 2.51 लाख रुपए एडवांस ले लिए। डीएलसी रेट 12.35 लाख रुपए का ही चेक से पेमेंट होना बताया। बाकी के 93.25 लाख रुपए कैश में देने होंगे। जालसाजों ने फर्जी डॉक्युमेंट और बातों के जाल में फंसाकर 93.25 लाख रुपए कैश ऐंठ लिए। बार-बार कहने पर भी रजिस्ट्री नहीं करवाने पर शक हुआ। पीड़ित के पता करने पर प्लॉट मालिक मुनीश कुमार की नवम्बर 2021 में मौत होने का पता चला।

# चेटीचंड महोत्सव के तहत निकाली महिला एक्टिवा रैली, 200 से अधिक वाहन हुए शामिल

## रैली के दौरान नाचते-गाते चल रहे थे समाज बंधु, युवतियां भी बड़ी संख्या में रहीं शामिल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विज्ञान नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में चेटीचंड महोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन जारी हैं। इसी के तहत शनिवार को महिला एक्टिवा रैली का आयोजन किया गया। इसमें सिंधी जनरल पंचायत समिति, विज्ञान नगर के सभी पदाधिकारियों, महिला मंडल की अध्यक्ष पायल वीरवानी, उपाध्यक्ष अंजू अंबवानी, सचिव शर्मिला टेकवानी, कोषाध्यक्ष तरूणा तलरेजा, संरक्षक रीटा अजवानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही सोशल मीडिया प्रबंधक शिल्पा राजदेव, इंस्टा इनफ्लुएंसर लवली गुरबानी आदि भी कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्य अतिथि सिमरन राजानी व लवली गुरबानी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इसमें करीब 200 एक्टिवा शामिल थीं। यह रैली झूलेलाल मंदिर, विज्ञान नगर से शुरू होकर दादाबाड़ी, तलवंडी, गुमानपुरा, बसंत विहार, कोटड़ी, छावनी होते हुए वापस झूलेलाल मंदिर, विज्ञान नगर पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस रैली का रास्ते में कई व्यापारियों और संस्थाओं की ओर से स्वागत किया गया। रास्ते में जगह-जगह चाय व अल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन के माध्यम से पहली बार सिंधी समाज की महिलाओं ने अपनी अलग ही पहचान प्रदर्शित की। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष में श्री झूलेलाल सेवा समिति आज निकलेगी भव्य शोभयात्रा, रक्तदान शिविर व अन्य आयोजन भी होंगे।

# कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक संघ कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया राजस्थान दिवस

## अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा-'विरासत भी, विकास भी' की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति और समृद्ध परम्पराओं को नमन करते हुए कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ कार्यालय में राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर हर्षोल्लास के साथ राजस्थान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर संघ के अधिकारियों, कर्मचारियों और दुग्ध उत्पादकों ने राज्य की समृद्धि, विकास और सामाजिक उत्थान के लिए संकल्प लिया। अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने राजस्थान दिवस के अवसर पर मौजूद सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई कि वे राजस्थान की महान परम्पराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास और खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनेंगे। साथ ही प्रदेश को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने के हर सम्भव प्रयास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया गया।

**ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली संस्कृति :** संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा, राजस्थान दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली संस्कृति की याद दिलाता है। यह दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपने राज्य के विकास में योगदान दें और इसे स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने राज्य की दुग्ध उत्पादन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए संघ की प्रतिबद्धता को दोहराया।

**राजस्थान बने आत्मनिर्भर :** संघ के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा ने अपने सम्बोधन में कहा, राजस्थान की आत्मनिर्भरता और समृद्धि में दुग्ध उत्पादकों की भूमिका अहम रही है। हमारे राज्य के किसान और पशुपालक दिन-रात मेहनत कर दुग्ध उत्पादन में योगदान दे रहे हैं। हमें गर्व है कि हम इस समृद्ध परम्परा का हिस्सा हैं। उन्होंने राजस्थान को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के समावेश और नवाचार को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने विरासत भी, विकास भी की भावना को आत्मसात करते हुए राज्य के विकास में निरंतर योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर राज्य के विकास के प्रति निष्ठा और नवाचार को अपनाने के महत्व को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजस्थान की समृद्ध परम्पराओं और उसकी गौरवशाली विरासत को नमन करते हुए जय जय राजस्थान के गगनभेदी उद्घोष के साथ समारोह का समापन किया गया।

# मुख्यमंत्री ने कोटा की प्रसिद्ध कचोरी के साथ मिठाई का स्वाद भी चखा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में भाग लेकर लौटते समय मुख्यमंत्री का काफिला रास्ते में जय अम्बे नमकीन नामक दुकान पर रुका। यहां उन्होंने कोटा की प्रसिद्ध कचोरी और नमकीन के साथ मिठाई भी खाई। इस दौरान उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश जैन सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद थे। दुकानदार टीकम जैन ने इस पर काफी खुशी जताई।

**मुख्यमंत्री ने मंत्री मदन दिलावर के घर जाकर उनके भतीजे को दी श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अपने कोटा दौरे के दौरान शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के घर हाल ही में सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए उनके भतीजे को श्रद्धांजलि देने भी पहुंचे।

मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा के प्रभारी मंत्री गौतम दक, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच आदि भी शामिल थे।

# दाधीच महिला मंडल ने पूर्ण श्रद्धा भाव से मनाया गणगौर महोत्सव

## केट वॉक और नृत्य प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( विनोद गौड़ )।** दाधीच महिला मंडल की ओर से शनिवार को भव्य गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। समाज की सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने इस पारम्परिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता शर्मा और महामंत्री अम्बिका शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आरम्भ कुलदेवी मां दधिमती एवं ईसर- गणगौर की पूजा-अर्चना से हुआ। समाज की वरिष्ठ महिलाओं, विशेष आमंत्रित अतिथियों, महिला मंडल की अध्यक्ष स्मिता शर्मा तथा महामंत्री अम्बिका शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिताओं में जज राजकीय विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक शिल्पा शर्मा व सिमरन सोलंकी थीं। उन्होंने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, नृत्य व श्रृंगार के आधार पर प्रतिभागियों को अंक दिए। महामंत्री अम्बिका दाधीच ने बताया कि प्रतियोगिता दो समूहों 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में आयोजित की गई थी।प्रथम चरण में परिचय का दौर चला। इसमें सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया। द्वितीय चरण में केट वॉक प्रतियोगिता तथा तृतीय चरण में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष स्मिता शर्मा ने बताया कि 25-45 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान अंतिमा दाधीच व द्वितीय स्थान खुशबू दाधीच तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम ज्योति पुरोहित व जीता व द्वितीय मीनाक्षी शर्मा रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। अंत में दाधीच महिला मंडल की अध्यक्ष स्मिता शर्मा और महामंत्री अम्बिका शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और कार्यकारिणी सदस्यों का आभार जताया।

# श्री राम कथा के शुभारम्भ के अवसर पर निकाली भव्य कलश यात्रा, बड़ी संख्या में महिलाओं सहित श्रद्धालु शामिल रहे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** श्रीराम मंदिर, जवाहर नगर में 30 मार्च से 5 अप्रेल तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के शुभारम्भ के अवसर पर शनिवार को काली माता मंदिर से श्रीराम मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। इनमें खासकर महिलाओं की बड़ी संख्या थी। कलश यात्रा काली माता मंदिर से श्रीराम मंदिर, जवाहर नगर तक निकाली गई। महिला मंडल की अध्यक्ष सूरज लता शर्मा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। मुख्य यजमान आरएस गुप्ता व प्रेम लता गुप्ता ने मुख्य कलश धारण कर शोभायात्रा का नेतृत्व किया। उनके पीछे महिलाए पीली व लाल साड़ी में और पुरुष सफेद पोशाक में श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश बढ़ेरा ने बताया कि 30 मार्च से 5 अप्रेल तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा का वाचन अयोध्या धाम के संत उमाशंकर महाराज करेंगे।

इस आध्यात्मिक आयोजन में नगर के भक्तों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जो 6 अप्रेल को सम्पन्न होगा। पूर्व अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि इस कथा के आयोजन के लिए श्रीराम मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट के सभी सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर महामंत्री केदार खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा, जगदीश प्रसाद विजय, नंदकिशोर विजय, संयुक्त मंत्री विजय भारद्वाज सहित सभी ट्रस्टियों की मौजूदगी रही। समाजसेवी हरीश शर्मा, सत्य नारायण जैन, सत्यनारायण विजय, उर्मिला गौतम आदि भी इस आयोजन में शामिल हुए। श्रीराम मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कई समितियों का गठन किया गया।

इनमें स्वागत एवं संचालन समिति, भंडारा आयोजन समिति, प्रचार-प्रसार समिति, मंच संचालन समिति, आचार्य सेवा समिति आदि समितियां शामिल हैं।

# कोटा एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का माला पहना कर किया स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( हरिमोहन मेहरा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कोटा एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका कोटा प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, विधायक कुलदीप धनकड़, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, मोतीलाल मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, प्रेम गोचर ने पार्टी दुपट्टा व पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। राकेश जैन ने बताया कि कोटा भाजपा जिला कार्यालय के भूखंड आवंटन बहाली करने पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में ओम बिरला व सीएम के स्वागत के पोस्टर हाथों में लेकर, मोदी जी जिंदाबाद, भारत माता की जय, फूल कमल का जिंदाबाद के नारे लगाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत अभिनंदन के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का जय जय श्री राम कहकर आभार प्रकट किया।

# सीमेंट का ट्रोला पलट ने से बाइक सवार तीन जने गम्भीर घायल

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के गेता माखिदा रोड पर शनिवार शाम को एक सीमेंट के कट्टो से भरा ट्रोला अचानक पलट गया जिससे उससे गिरे सीमेंट के कट्टो के निचे दबने से बाइक सवार तीन जने गम्भीर घायल हो गए जानकारी के अनुसार लबान निवासी सूर्य प्रकास मीणा 40 वर्ष कोटा जिले के बम्बूलिया से अपनी पुत्री तक्षिका मीणा (4) व पुत्र सिद्धार्थ मीणा (7)के को लेकर बाइक से वापस आ रहा था तो माखिदा रोड पर खाकटा तिराहे पर सामने से आ रहा सीमेंट के कट्टो से भरा ट्रोला अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया। जिससे उससे गिरे सीमेंट कट्टो की चपेट आने से बाइक समेत तीनो जन कट्टो के नीचे दब गए जिन्हें वँहा खेतो में मौजूद किसानों व राहगीरों ने कट्टो के नीचे से निकाला और देईखेड़ा राजकीय अस्पताल पहुचाया जंहा उनके गम्भीर चोटे होने से इलाज के लिये कोटा रेफर किया।

# कांग्रेस का दिलाएंगे रोजगार बनाएंगे जवाबदार अभियान

## 2 अप्रेल को जयपुर में लगेगा रोजगार मेला, पदाधिकारियों ने कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान यूथ कांग्रेस की ओर से 2 अप्रेल को जयपुर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के प्रदेश यश गौतम ने बताया कि जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर दिलाएंगे रोजगार बनाएंगे जवाबदार मुहिम के लगने वाले रोजगार मेले देश विदेश की 60 से ज्यादा कम्पनियों को बुलाया गया है। इनमें अमेजन, फ्लिपकार्ट, एचडीएफसी, एसबीआई, महिंद्रा, जस्ट डायल, पीवीआर प्रमुख हैं।

यश ने बताया कि मेले में निःशुल्क एंट्री रहेगी। मेला सुबह 8.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसमें अभ्यर्थियों को बायोडाटा व आधार कार्ड साथ लाना होगा। मेले से लगभग 1500 से 2000 युवाओं को आईटी, इंजिनियरिंग, फाइनेंस, बैंकिंग, हॉस्पिटेलिटी एवं एग्रीकल्चर सहित कई क्षेत्रों में काबिलियत के अनुसार रोजगार मिल सकेगा। कोटा में रोजगार मेले का पोस्टर विमोचन किया है। कॉलेज केम्पस में मेले के पोस्टर चस्पा किए हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को मेले की जानकारी उपलब्ध करवाई है। गौतम ने कहा कि युवा कांग्रेस बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ती आई है। रोजगार मेले से यूथ कांग्रेस के रोजगार दो, नशा नहीं अभियान को जमीन पर लाने का काम कर रहे हैं। इस मेले में कांग्रेस व यूथ कांग्रेस के लीडर भी मौजूद रहेंगे।

# पंडित रामकिशन का सौवां जन्म दिवस भव्य सम्मान समारोह हुआ आयोजित

- संघर्षशील नेता पंड़ित रामकिशन - अशोक गहलौत
- पंड़ित रामकिशन ने कभी नहीं बदला दल - मोहन प्रकाश

### हमारे नेता रामकिशन : डॉ. चन्द्रमान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सम्मानित भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का गत दिन जयपुर में सौ वे जन्म दिन पर आयोजित सम्मान समारोह में भव्य नागरिक अभिनन्दन किया गया और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ग्रह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित विभिन्न राजनेतिक दलो और अनेक संगठनों के गणमान्य व्यतियों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया । सम्मान समारोह शुक्रवार को जयपुर के जवाहर सक्रिल के समीप होटल क्लार्कस आमेर में सम्पन्न हुआ । सम्मान समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश भरतपुर के विधायक पूर्व मंत्री सुभाष गर्ग पूर्व मंत्री डा0 चन्द्रभान पूर्व सांसद गोपाल पचेरवाल पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली पूर्व विधायक ईश्वर चन्द भटनागर भवानीमंडी किसान नेता इन्दल सिंह जाट और मोहन सिंह गुर्जर भरतपुर के पूर्व मेयर शिव सिंह भौंट समृद्ध भारत अभियान के सीता राम गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार गुलाव बन्ना वरिष्ठ पत्रकार ओम सैनी चन्द्र मेहता , दशरथ कुमार कोटा सवाई सिंह सर्वोदय नेता डा0 अनूप जुरानी नरोतम शर्मा पंडित रामकिशन के सुपुत्र अनिल शर्मा और पत्रकार संजय शर्मा पूर्व विधायक समसूल हसन पत्रकार आशा पटेल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनेतिक दलो के प्रमुख नेताओं और अनेक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद को शतायू होने पर शुभकामनाऐं दी । सम्मान समारोह में बोलते हुऐ कांग्रेस प्रवक्ता मोहन प्रकाश डा0 चन्द्रभान पूर्व सांसद गोपाल पचेरबाल ने पंड़ित रामकिशन को सिदांत की राजनीति का प्रतीक बताया । वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सांस द पंड़ित रामकिशन ने आजादी की लड़ाई से लेकर समता मूलक समाज की स्थापना गैर बराबरी समाप्त करने तथा धन और धरती के बँटबारे की लड़ाइया लड़ी है और वंचितो शोषितो पीड़ितो किसानों के लिये न्याय दिलाया है। वक्ताओं ने कहा कि धौलपुर के अतरा गुर्जर हत्याकांड , कस्टोडियन भूमी पर मालकाना अधिकार दिलाने % यमुना जल के लिये लगातार संघर्षरत रहे है । उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में पानी के संकट को देखते हुऐ आन्दोलन शुरू किया और इआरसीपी की मंजूरी के बाद भी सूखी नदियों में पानी लाने के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है । भरतपुर और राजस्थान में भूखी जनता चुप ना रहेगी धन और धरती बँटके रहेगी नारे के साथ गरीबों को कब्जेबहाली दिला कर भूमिहीनों को जमीनों का मालिकाना अधिकार दिलाया। दिग्गज नेताओं का कहना था कि पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कभी दल नहीं बदला और उसूल तथा ईमानदारी से जीवनभर राजनीति की । सम्मान समारोह में आये सभी लोगों ने जहाँ पंड़ित रामकिशन का अभिनंदन किया वही ईश्वर से उनके स्वस्थ्य और अधिक आयु प्रदान करने की दुआये की । उनके पुत्र अनिल शर्मा ने आगुंतकों की आगवानी की और परिचय कराया । पंड़ित रामकिशन ने इस अवसर पर उनके सम्मान में पधारे सभी आंगुतको का आभार किया और कहा कि मैं हमेशा जनता के अधिकारों को लेकर लड़ता रहूंगा। उनके पुत्र अनिल शर्मा ने सभी का परिचय कराया।




## बयाना में खाद्य पदार्थ व्यापारियों को सुरक्षा मानकों के प्रति किया जागरूक, नए फूड लाइसेंस भी बनाए

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बयाना के गणेशी मार्केट स्थित अग्रवाल मैरिज होम में एक खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली से आए ट्रेनर गौरव श्रीवास्तव द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने खाद्य पदार्थों के कारोबारियों को व्यापार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और फौस्टेक के बारे में विस्तार से समझाया। गौरव श्रीवास्तव ने व्यापारियों को बताया कि खाद्य पदार्थों की बिक्री करते समय किन-किन नियमों और निर्देशों का पालन करना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सके। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों महेश शर्मा, रूपसिंह, और रोशनलाल यादव द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खाद्य पदार्थों से संबंधित कारोबार करने वाले व्यापारियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यापारी प्रोजेक्टर के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए, जिससे उन्हें अपनी दुकानें और कारोबार संचालित करते समय खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करना आसान हो सके।

कार्यक्रम के दौरान 25 व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्रदान किए गए और 5 व्यापारियों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। इस अवसर पर किराना एवं परचून संघ के अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। और व्यापारियों से आग्रह किया कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करके अपने कारोबार को सही दिशा में चलाएं। कार्यक्रम में प्रमोद सामरी, नरेश सिकंदरा, गणेशा गर्ग, नरेश दमदमा, विजय गर्ग, सुभाष, तारा, सूर्यकांत सिंहल, संजय अग्रवाल आदि कई व्यापारी उपस्थित थे।

## एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( नि.स. )।** जिले में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत शनिवार को आईएमए हाल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, शिक्षा, और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे जमीनी स्तर पर इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

कार्यशाला के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित आयरन सप्लीमेंटेशन, स्क्रीनिंग और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही ब्लॉक और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए ताकि जिले में एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के बेहतर लक्ष्य अर्जित किए जा सके।

कार्यशाला में अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान आयरन एवं फोलिक एसिड टेबलेट्स की उपलब्धता व वितरण, शाला दर्पण और पीसीटीएस पोर्टल पर नियमित एंट्री, एनीमिया स्क्रीनिंग और उपचार प्रक्रिया पर जानकारी दी। विशेष रूप से 5-9 वर्ष के बच्चों, 10-19 वर्ष के किशोरों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को आयरन की गोलियां समय पर उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, और महिला एवं बाल विकास विभागों के आपसी समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस दौरान रीजनल कोऑर्डिनेटर दुर्गा लाल नायक और घनश्याम सोनी ने एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित बीसीएमओ, सीडीपीओ, डीपीएम योगेश वैष्णव, यूपीएम निशा आमेटा, डीएसी बलवीर सहित ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी सीबीईओ और अन्य संबंधित अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

## युवाओं ने अर्धनग्न होकर केन्द्रीय मंत्री के नाम लिखे पोस्टकार्ड

### नेशनल हाईवे 248 ए को नारायणपुर तहसील मुख्यालय से जोडा जाए

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर क्षेत्र के युवाओं ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन।रामलीला मैदान में चल रहे नेशनल हाईवे 248 ए को नारायणपुर तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए पांचवें दिन भी पोस्टकार्ड व हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। अभियान के तहत अभी तक 1720 लोगों ने केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजा है। साथ ही लगभग 30 युवाओं ने अर्धनग्न होकर सड़क परिवहन और राजमार्ग केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के नाम पोस्टकार्ड में लिखा कि एक लाख से अधिक आबादी वाले तहसील मुख्यालय को नेशनल हाईवे सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। 63 राजस्व गांवों को सड़क सुविधा का लाभ मिले। अलवर जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए को नारायणपुर मुख्यालय से जोड़ा जाए। वही जागरूक युवाओं के द्वारा अलग-अलग गांवों व ग्राम पंचायत में जाकर समर्थन जुटा रहे हैं तथा लोगों को नेशनल हाईवे नारायणपुर मुख्यालय से निकलवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अभी तक ज्ञानपुरा, बिलाली, कराणा, चांदपुरी, विजयपुरा, बुर्जा, बसई जोगियान, कोलाहेडा, गढ़ी मामोड़, खरकड़ी कलां ग्राम पंचायत के द्वारा समर्थन दिया जा चुका है। इस मौके पर मोनू शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, पूरण वाल्मीकि, रवि स्वामी, मनीष कुमार सैनी, लीलाराम स्वामी, मनोज मीणा, हेमंत सैनी, सुनील शेखावत सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पीने के लिए पेयजल की कमी नहीं आने दी जाएगी : शेखावत

### पेयजल की समस्या को लेकर मिले मुख्यमंत्री और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री से जताया आभार, कुल 1 करोड़ 43 लाख 63 हजार रूपये की लागत से होगी पेयजल व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के सिंह माने जाने वाले विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिलकर विधानसभा क्षेत्र में होने वाली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था। उन्हीं की मांग पर मुख्यमंत्री और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने 13गाँवों को पीने के लिए पेयजल व्यवस्था को गंभीरता से लिया है।उसके लिए 1करोड़ 43लाख 63हजार रूपये की स्वीकृति जारी की है। जिन गाँवों में पीने के लिए शुद्ध जल की आपूर्ति हो सके उसके लिए विधायक देवीसिंह शेखावत ने नाम सुझाए हैं। वहीं शेखावत ने कहा कि पीने के लिए पेयजल की कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार ने क्षेत्र के लिए जो यह सौगात दी है उसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री महोदय ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जो ईआरसीपी का समझौता किया है वह मील का पत्थर साबित होगा। जब नहरें निकलेंगी बांध भरे होंगे और जमीन का जल स्तर बढेगा तो सब लोग खुशहाल होंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की खुशहाली में मेरी खुशहाली अन्यथा बदहाली।जिन 13गाँवों और कस्बों के नाम इस पेयजल व्यवस्था के नाम प्रथम चरण में हैं उनके नाम इस प्रकार हैं।रामपुर के लिए 35.66लाख रूपये,हमीरपुर के लिए 16.87लाख रूपये, गिरुड़ी के लिए 19.72लाख रूपये,बहराम का बास के लिए 19.63लाख रूपये,माजरा रावत, मोरोड़ी, ईशराकाबास,किशोरपुरा बसई चौहान,होलावास नांगललाखा,तुर्कीयावास और हाजीपुर के लिए 22.84लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष के लोगों के लिए मोदी सरकार तथा राजपुताना के लिए भजनलाल सरकार बहुत गंभीर है। दोनों नेताओं का एक ही लक्ष्य हैं कि भारत का नागरिक आत्मनिर्भर बने और देश सहित विदेश में भारत का नाम रोशन करे।

## बिजली तारों में स्पार्किंग से 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, 70 हजार का नुकसान हुआ

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव कनावर में शनिवार दोपहर एक किसान के खेत में आगजनी से 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बिजली तारों में हुई स्पार्किंग से लगी। किसान और आसपास के ग्रामीणों ने टयूबवेल चलाकर आग पर काबू पाया। हादसे में पीड़ित किसान को करीब 70 हजार रुपए का नुकसान हो गया। सूचना पर पटवारी नवीन गोयल ने मौका मुआयना कर नुकसान का जायजा लिया। गांव कनावर निवासी किसान उमाशंकर शर्मा ने बताया कि खेत में होकर गुजर रहे बिजली तारों में हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने से खेत में कटी पड़ी हुई व खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आसपास के मजदूर व किसान मौके पर पहुंचे और टयूबवेल से पानी चलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन आग फैलती चली गई और फसल को अपनी चपेट में ले लिया। करीब दो घंटे बाद जाकर आग बुझी।

## श्री कैला देवी जातरूओ के लिए खुशखबरी

### आगरा केंट से गंगापुर तक श्री केला देवी मेला स्पेशल ट्रेन शुरू

बढ़ता राजस्थान




**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर कैलादेवी करौली मेले में दर्शन करने वी जात देने वालों के लिए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। जिसकी वजह से यात्रियों में खुशी का माहौल पैदा हो गया। क्योंकि बसों की अपेक्षा ट्रेन से जाने में किराया भी बहुत कम लगता है। और रास्ते में ट्रेन के अंदर सुविधाएं भी मिलती है।रेलवे प्रशासन आगरा केंट से गंगापुर सिटी रूट पर मेला स्पेशल ट्रेन चला रहा है। यह ट्रेन 29 मार्च से 12 अप्रैल तक दोनों दिशाओं में चलेगी। इसमें 12 कोच लगाए गए हैं। आगरा कैंट से गंगापुर सिटी जाने वाली ट्रेन (गाड़ी संख्या 01961) शाम 4.45 बजे रवाना होगी। यह रात 9.15 बजे गंगापुर सिटी पहुंचेगी। वापसी में गंगापुर सिटी से आगरा कैंट की ट्रेन (गाड़ी संख्या 01962) रात 10.05 बजे चलेगी। यह अगले दिन सुबह 3.30 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। कोटा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह ट्रेन कई स्टेशनों पर रुकेगी। इनमें पथौली, मिढ़ाकुर, किरावली, सिगारपुर, फतेहपुर सीकरी, ओलेंडा, रूपबास और धाना खेड़ली शामिल हैं। साथ ही बंसी पहाडपुर, नगला तुला, बंध बारैठा, ब्रह्मबाद, बयाना, डुमरिया, फतेहसिंहपुरा, हिंडौन सिटी, श्रीमहावीर जी, पिलोदा और छोटी उदई स्टेशनों पर भी ट्रेन रुकेगी। दोनों दिशाओं में कुल 15-15 ट्रिप होंगी।

## खुला विचार मंच ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, नवरात्रि में नॉनवेज की दुकानें और बूचड़खाने बंद कराने की रखी मांग की

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सामाजिक संगठन खुला विचार मंच ने श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को देखते हुए नवरात्र के दिनों में नॉनवेज की सभी दुकानें एवं बूचड़खाने बंद कराने की मांग उठाई है। ताकि नवरात्र के पवित्र दिनों में हमारे प्रदेश में शांति कायम रह सके। खुला विचार मंच के संयोजक एडवोकेट शैलेश शर्मा ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि नवरात्र में करोड़ों श्रद्धालु व्रत उपवास रखकर विशेष धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना का ध्यान रखते हुए नॉनवेज की दुकानों को नवरात्रि के दौरान बंद किया जाना जरूरी है। पत्र में बताया कि बयाना के कैलादेवी झील का बाड़ा में नवरात्रि में लक्खी मेला भी भरता है। जिसमें राजस्थान सहित कई दूसरे प्रदेशों के लाखों श्रद्धालु शिरकत करते हैं।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 126 मरीजों का उपचार

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** अग्रवाल समाज समिति बयाना ने शनिवार को वेयर हाउस रोड स्थित शिवगंज मंडी व्यापार मंडल धर्मशाला में 28वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। कल्याणम करोति श्रीजी बाबा चिकित्सा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा और श्री श्याम स्टील कोलकाता के सहयोग से डॉक्टरों ने शिविर में मरीजों का उपचार किया। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने 126 मरीजों की मोतियाबिंद, नाखूना, परवाल और काला पानी जैसी बीमारियों का इलाज किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष और शिविर संयोजक सुरेशचंद सिंघल ने बताया कि 27 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए संस्था के वाहनों से मथुरा भेजा जाएगा। मरीजों को ऑपरेशन, ठहरने, लेंस, दवाएं, चश्मा और भोजन सब कुछ निशुल्क मिलेगा। शिविर में किशनचंद गुप्ता, हरिओम बिंदल के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष अग्रवाल, डॉ. नरेश कुमार और कोऑर्डिनेटर ललित शर्मा मौजूद रहे।

## डॉ आर.सी. यादव हुए राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित

### पहले भी अनेक संस्थाओं द्वारा डॉ आर. सी. यादव को किया जा चुका है सम्मानित




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में आयोजित राजस्थान महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के क्रम में बानसूर के रोटी बैंक संचालक डॉ आरसी यादव को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 25 राष्ट्रों के राष्ट्रीय ध्वज के नीचे राजस्थान श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी व सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के वरिष्ठ एडवोकेट ए पी सिंह द्वारा यादव को राजस्थान श्री अवॉर्ड से नवाजा गया व स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्रव सोल से भी सम्मानित किया गया।इस अवसार पर पूर्व संसद रामकिशोर शर्मा, पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा,अंतराष्ट्रीय संयोजक एम पी टोरडी,डॉ कुलदीप शर्मा एडवोकेट भी उपस्थित रहे।रोटी बैंक संचालक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को नि:शुल्क एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचा कर हजारों लोगों की जान बचा चुके हैं। यादव को हाल ही में महामहिम राज्यपाल द्वारा देवदूत अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, जिला प्रशासन कोटपुतली बहरोड़, उपखंड अधिकारी बानसूर व विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा भी डॉ आरसी यादव सम्मानित हो चुके हैं।

# परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही बनेगा भारत विश्व गुरु : राज्यपाल बागडे

## महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर ( घनश्याम दास )।** राज्यपाल हरी भाऊ बागडे ने शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में कहा कि परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। इसमें वर्ष 2023 एवं 2024 के स्वर्ण पदकों का वितरण किया गया। साथ ही विद्या वाचस्पति उपाधि धारकों को भी उपाधियां वितरित हुई। इस समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारत की समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा रही है। इसके साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि को मिलाकर उपयोग करने से भारत विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा। महर्षि भारद्वाज के द्वारा वर्णित विमान विज्ञान के आधार पर 1895 में श्री शिवकर बापूजी तलपे ने विमान उड़ाया था। उन्होंने श्री चिरंजिलाल वर्मा से संस्कृत ग्रंथों की शिक्षा ग्रहण की थी। इसके बाद ही 1903 में राइट बंधुओं ने विमान बनाया। इसी प्रकार गुरुत्वाकर्षण के बारे में न्यूटन से बहुत ही पहले कॉपरनिकस और उससे भी पहले भास्कराचार्य ने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत दिया था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार के पाठ्यक्रम तैयार होने चाहिए जिससे समाज में रोजगार का सृजन हो सके। ज्ञान की विभिन्न शाखाओं का अध्ययन कर युवा उद्यमी बनने चाहिए। इससे देश के विकास में उनका योगदान सुनिश्चित होगा। विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों में टैलेंट का विकास करना चाहिए। शिक्षा मनुष्य का निर्माण करने वाली हो। महर्षि दयानंद सरस्वती मानव मूल्यों के साक्षात उदाहरण रहे है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीक्षांत समारोह माता-पिता, परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों के स्मरण का दिन होता है। शिक्षा जीवन पर्यंत चलने वाली एक प्रक्रिया है। आज के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में हमें विश्व के साथ-साथ चलना होगा। बढ़ती तकनीक में आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने समाज को बहुत प्रभावित किया है। सोशल मीडिया और सार्वजनिक जीवन पर इसके दुष्परिणाम देखे जा सकते हैं। नई पीढ़ी को इन दुष्प्रभावों से बचाए जाने की आवश्यकता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी की जीवन यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। विद्यार्थी जीवन में सीखे गए अनुशासन, विनम्रता और नैतिक मूल्यों से आदर्श नागरिक का निर्माण होता है। कुलगुरु कैलाश सोडाणी ने कहा कि भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है। नया भारत समस्याओं से टकराकर मिटाना जानता है। राम मंदिर निर्माण एक गौरवशाली शुभारंभ है। धर्म मजबूत होने पर भी रोटी, कपड़ा और मकान सुरक्षित है। धार्मिक संतुलन बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। कक्षा में राष्ट्र वंदना होने से राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत पीढ़ी तैयार होगी।

# शनि अमावस्या पर मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के दर्शनों हेतु श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा

## मंदिर के श्रद्धा पात्रों से 14 लाख 78 हजार 429 रु. की राशि प्राप्त हुई



बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली मंदिर पर शनि अमावस्या के अवसर पर न्याय के देवता श्री शनिदेव के दर्शनों हेतु हजारों भक्तों लंबी कतारे लगी रही।साथ ही मंदिर के श्रद्धा पात्रों से 14 लाख 78 हजार 429 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

जानकारी अनुसार नगर कपासन के समीपवर्ती स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के श्रद्धा पात्रो को मंदिर कमेटी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में खोला गया। श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार नवग्रह मंदिर,तेल कुंड एवं मुख्य मंदिर के श्रद्धा पात्रों को खोलकर प्राप्त राशि की गणना की गयी।इस दौरान मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह चौहान,कमेटी मंत्री छगनलाल गुर्जर,संरक्षक पवन सांखला,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा,उपाध्यक्ष माधुलाल जाट आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को शनि अमावस्या होने से प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के दर्शनार्थ भक्तों एवं श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे अलसुबह से ही लगना प्रारंभ हो गयी।यहां न्याय के देवता श्री शनिदेव के दर्शनों हेतु भक्तो एवं श्रद्धालुओं की करीब आधा-आधा किलोमीटर तक की लंबी कतारे लगी रही।जिसमें महिला,पुरुष,युवा,बच्चों सहित समस्त श्रद्धालु कतारबद्ध शनिदेव के दर्शनों हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये।श्री शनिमहाराज आली के दर्शनार्थ आसपास के क्षेत्रों सहित समीपवर्ती प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।दर्शनों के साथ भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा श्री शनिमहाराज को फूला, माला,अगरबत्ती,विभिन्न प्रसाद,श्रीफल,तेल आदि पूजन सामग्री अर्पित कर खुशहाली की कामना की गयी।

# चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में मुला मातारानी का दरबार आकर्षक एवं रंगबिरंगी विद्युत सज्जा से सजकर तैयार

## आज मेले के रंगमंच पर बगड़ावत मंचन एवं महाभंडारे में मिलेगा माता का प्रसाद

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति नो दिवसीय धार्मिक मेले का 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजन किया जायेगा।जिसके तहत आज रविवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य मेले का शुभारंभ होगा।

उल्लेखनीय हैं कि मुला मातारानी के दरबार में उक्त नो दिवसीय धार्मिक मेले की तैयारियां शनिवार को सुनियोजित पूर्ण हुई।जिसको लेकर मुला माता मंदिर समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय भक्त एवं श्रद्धालुओं द्वारा निःस्वार्थ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माता मंदिर हेतु आवागमन मार्ग पर साफ-सफाई एवं आकर्षक व रंगबिरंगे प्रवेश द्वार लगाने सहित मुला मातारानी के दरबार को रंगबिरंगी आकर्षक विद्युत सजावट कर सजाया गया है।यहां मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेला ग्राउंड में डोलर चकरी आदि भी लगे हैं। मुला माता मंदिर समिति कपासन अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि आज 30 मार्च रविवार से आगामी 7 अप्रैल तक कपासन राजमार्ग स्थित पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला मातारानी के दरबार में नो दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिसका आज रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुभारंभ होगा।साथ ही आगंतुक समस्त भक्तों को चैत्र नवरात्रि के नो दिनों तक महाभंडारे में मुला मातारानी के प्रसाद का लाभ मिलेगा।मंदिर समिति अध्यक्ष आचार्य ने बताया कि यहां नो दिवसीय भव्य धार्मिक मेले में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेले के रंगमंच पर प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत 30-31 मार्च बालूराम गाडरी एंड पार्टी सिंदेसर कलां द्वारा लोकगाथा पर आधारित बगड़ावत मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही मेले अंतिम दिवस 7 अप्रैल रात्रि में रंग-बिरंगी आकाशीय आतिशबाजी के साथ विशाल रावण दहन किया जायेगा।

इस नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के सफल आयोजन हेतु मुला माता मंदिर समिति के सदस्यों सहित क्षेत्रीय आमजन एवं नगरवासियों द्वारा निःस्वार्थ सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत मेले की तैयारियां पुरजोरता के साथ सुनियोजित पूर्ण हुई।

# इतिहास व्याख्याता कपासन के मेधावी युवा गोपाललाल बुनकर को विद्यावाचस्पति डॉ. ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से विभूषित किया

## डॉ. बुनकर ने वस्त्र निर्माण में बुनकर समाज का योगदान विषय पर शोध किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के मेधावी युवा इतिहास विषय के व्याख्याता नगर पालिका कपासन निवासी गोपाललाल बुनकर पुत्र सोहनलाल बुनकर को इतिहास विभाग,मोहनलाल सुखाड़ीया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा शोध विषय वस्त्र निर्माण में बुनकर समाज का योगदान के तहत मेवाड़ के विशेष सन्दर्भ में पर किये शोध कार्य के लिए विद्यावाचस्पति डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से विभूषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कपासन के मेधावी युवा गोपाललाल बुनकर द्वारा उक्त शोध कार्य अपने अथक प्रयासों सहित डॉ. पीयूष भादविया,वरिष्ठ सहायक आचार्य,इतिहास विभाग मोहनलाल सुखाड़ीया विश्वविद्यालय उदयपुर के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। पूर्व इतिहास शोध परिषद अध्यक्ष मोहितशंकर सिसोदिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम दौरान इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रयागराज के इतिहास विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. संजय श्रीवास्तव, एमजी कॉलेज विभागाध्यक्ष लब्धप्रतिष्ठत इतिहासकार प्रो. चंद्रशेखर शर्मा,प्रसिद्ध भारतविद डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू,अधिष्ठाता प्रो. दिग्विजय भटनागर, विभागाध्यक्ष प्रो. प्रतिभा,डॉ. पीयूष भादविया,डॉ. मनीष श्रीमाली,डॉ. कैलाशचन्द्र गुर्जर,डॉ. हुकमचंद जोशी,डॉ. हिम्मत कुमार,डॉ. वासुदेव बलाई,डॉ. निशा मेनारिया,डॉ. अजय मोची,महेन्द्रसिंह चारण,जितेन्द्र सुथार,दिलावर सिंह,सोहनलाल बुनकर, डालीबाई,नीलू बुनकर,प्रद्युम्न,जीविका आदि शोधार्थी,विधार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य है कि गत दिनों डॉ. गोपाललाल बुनकर द्वारा लिखित नवीन पुस्तक प्राचीन भारत का इतिहास का प्रकाशन हुआ।डॉ. गोपाललाल बुनकर वर्तमान में इतिहास व्याख्याता के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुण्डई भींडर जिला उदयपुर में कार्यरत है।इधर गोपाललाल बुनकर ने विद्यावाचस्पति डॉ. ऑफ फिलॉसफी उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जिससे परिवारजनों सहित इष्टमित्र एवं युवा वर्ग द्वारा सोशल मीडिया पटल के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई देने का क्रम जारी है।

# बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह पालडी का जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया आकस्मिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने जिले में संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पालड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट देवांगनी ओदिच्य से किशोरों के लंबित प्रकरणों एवं उनकी प्रगति की जानकारी ली गई। अधीक्षक गौरव सारस्वत से किशोरों के स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधाओं, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं, बालगृह के वातावरण एवं किशोरों की देखभाल की व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं अन्य आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशाल भार्गव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा भी उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान



**झालरापाटन ( नि.स. )।** नगर में एक दवा व्यापारी ने पंखे से लटककर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक महेश कोठारी (45) पुत्र प्रेमचंद निवासी रेल्वे स्टेशन रोड कोटा पिछले 15 वर्षो से झालरापाटन में रह कर दवाई कम्पनी में कार्य करता था। आत्महत्या से पहले महेश ने 27 मार्च को लिखे सोसाइटी नोट में ससुराल वालों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। मृतक बाईपास मार्ग पर बीएसएनल टेलीफोन एक्सचेंज के सामने स्थित है एक किराए के मकान में अकेला रहता था शनिवार सुबह करीब 11 बजे आसपास के लोगों को मकान से बदबू आई। उन्होंने तुरंत कोटा में रहने वाले परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महेश को फांसी के फंदे पर लटका पाया। शरीर से आ रही तेज बदबू के कारण पुलिस का मानना है कि मौत एक-दो दिन पहले ही हो चुकी थी।मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया कि पारिवारिक कलह के कारण महेश की पत्नी पिछले एक साल से दोनों बच्चों के साथ अपने मायके कोटा में रह रही थी। पुलिस घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# डीएसटी राजस्थान समर्थित राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समेकित समापन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम यूनिवर्सिटी, भीलवाड़ा में आयोजित डीएसटी राजस्थान समर्थित राष्ट्रीय संगोष्ठी ऑन आईपीआर, पेटेंट एवं डिज़ाइन फाइलिंग का दो दिवसीय आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

इस संगोष्ठी में कुल 140 प्रतिभागियों ने भाग लेकर बौद्धिक संपदा अधिकार,पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, औद्योगिक संपदा, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा डिज़ाइन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।दूसरे दिन की शुरुआत में श्री पीयूष यादव ने डिज़ाइन, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और जीआई फाइलिंग प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात, प्रो. डॉ. राकेश भंडारी ने भारत में पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया।समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। अंत में, डीन प्रोफेसर प्रीति मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए संगोष्ठी के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी।यह दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जिसने बौद्धिक संपदा अधिकारों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा के साथ नवाचार एवं अनुसंधान को नई दिशा प्रदान की।विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ,उप कुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ,कुल सचिव प्रोफेसर राजीव मेहता ने दो दिन से डीएसटी कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

# भीलवाड़ा में क्रिकेट का महासंग्राम : जूनियर भीलवाड़ा प्रीमियर लीग अंडर-16 का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** दिनांक 29 मार्च 2025 को क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर।आई मॉक प्रस्तुत करता हैं'जूनियर भीलवाड़ा प्रीमियर लीग अंडर-16', जो शहर का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बनने जा रहा है। मावेरिक्स क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित यह रोमांचक टूर्नामेंट 30 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक भीलवाड़ा के प्रतिष्ठित सुखाड़िया स्टेडियम में खेला जाएगा।

कल सुबह 9.00 उद्घाटन किया जाएगा जिसमें भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र यादव इनकम टैक्स ऑफिसर दिलीप सिंह राठौड़, जिला क्रिकेट अध्यक्ष महेंद्र नाहर राजस्थान का कप्तान निखिल डोरू,शैलेंद्र सिंह गहलोत, इंटरनेशनल स्कोर दीपक शर्मा, आयुष अग्रवाल, रहेंगे।

इस भव्य टूर्नामेंट में जूनियर क्रिकेट के होनहार खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। रोमांचक मुकाबलों के दौरान मैदान पर शानदार क्रिकेट एक्शन देखने को मिलेगा, जिसमें युवा प्रतिभाएं चमकने को तैयार हैं।क्रिकेट फैंस इस टूर्नामेंट का रोमांच यूट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग पर देख सकेंगे। क्रिचेरोस डग आउट के माध्यम से व्हाइट बॉल और रंगीन ड्रेस में खिलाड़ियों की जबरदस्त परफॉर्मेंस का गवाह बनने का सुनहरा मौका मिलेगा।

इस आयोजन में क्रिकेट प्रमोटर विनिल गुप्ता, और हेमेंद्र अधिकारी,जसप्रीत छाबड़ा एम.एच.आर.भीलवाड़ा प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन हुआ आयोजित

## राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 174 युवाओं को प्रदान किए गए नियुक्ति-पत्र



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शनिवार को रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण नैनवां रोड स्थित शगुन मैरिज गार्डन के सभागार में किया गया। इस दौरान नवनियुक्त कार्मिकों ने नियुक्ति-पत्र पाकर खिले चेहरों से माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 174 युवाओं को प्रदान किए गए नियुक्ति-पत्र :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवनियुक्त चयनित 174 कार्मिकों को वेलकम किट और नियुक्ति-पत्र सौंपे गए। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 137, प्राथमिक शिक्षा के 3, सैकेण्ड्री एजुकेशन के 6, कॉलेज शिक्षा के 8, आईसीडीएस के 6, पुलिस विभाग के 7, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 5, मेडीकल कॉलेज के एक तथा संस्कृत विभाग से एक कार्मिक शामिल है। इस दौरान जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओपी सामर, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी सत्यवान शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य निर्मल मालव, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश सक्सेना सहित अन्य अधिकारीगण और जन प्रतिनिधि मौजूद रहें। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तान्तरण कर स्किल नीति और युवा नीति का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेलों का आयोजन भी किया गया। इसी श्रृंखला में रविवार को होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम ।

# नवनियुक्त युवाओं को मिला सेवा का श्रेष्ठ अवसर, पूर्ण निष्ठा से करे कार्य : देवनानी

- राजस्थान दिवस महोत्सव के पांचवे दिन हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन
- राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 200 युवाओं को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

## आज होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर, (घनश्याम दास)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत मेडिकल कॉलेज के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनितों संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि युवा सामाजिक परिवर्तन के वाहक है । सफलता को अंतिम पड़ाव नहीं मानते हुये आगे बढ़ने के सतत प्रयास जारी रखे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान कार्य से होती हैं। ईमानदारी से कार्य करते हुये कर्तव्यों का निर्वहन करे। राज्य सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। राज्य सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को खत्म कर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए परीक्षाओं का समय से कलेंडर जारी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक राजकीय कार्य को केवल आजीविका का साधन मात्र नहीं माने। सेवा का अवसर मानकर पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। इसमें चिकित्सा विभाग का पुनीत कार्य है। इस अवसर का लाभ उठाकर पुण्य अर्जन करें।

उन्होंने कहा कि देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सबके सहयोग से 2047 तक विकसित भारत संकल्पना पूर्ण होगी। राज्य की प्रगति देश के विकास में योगदान दे रही है। सीखने की प्रवृत्ति का स्वभाव विकसित करें। दूसरों के अनुभवों से सीखते रहें। वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान कर रही है। इसमें राइजिंग राजस्थान के तहत हुए 35 लाख करोड़ के एमओयू विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहां की इन दो बजटों के मुख्यमंत्री ने अजमेर को 2 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। इससे अजमेर के विकास को पंख लगेंगे। स्मार्ट सिटी अजमेर प्रदेश के अग्रणी शहरों में शामिल होगा। सभी नवनियुक्त युवा अपने समाज ,परिवार, शहर एवं राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रयासरत रहे।इस दौरान कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का वी सी के जरिये सीधा प्रसारण किया गया।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 नवचयनितों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र :** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट एवं एएनएम, महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक एवं अन्य विभागों के लिए चयनित जिले के 200 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किए गए । कार्यक्रम में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, शहर अध्यक्ष जेपी सोनी, उप महापौर नीरज जैन, देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, पार्षद भारती श्रीवास्तव, जिला कलक्टर लोक बन्धु, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्री गजेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती वंदना खोरवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. संपत सिंह जोधा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा लाभार्थी मौजूद रहे ।

# ब्यावर रोडवेज प्रशासन की मनमानी से ब्यावर-भिनाय रोडवेज बस 6 दिनों से बंद

## ब्यावर से केकड़ी मार्ग पर मात्र 2 बसें संचालित, यात्रियों को भारी परेशानी व असुविधा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,(घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय मुख्यालय से गुजरने वाली राजस्थान . राज्य पथ परिवहन निगम ब्यावर डिपो की कथित मनमानी से ब्यावर से भिनाय रोडवेज बस 6 दिनों से बंद पड़ी हुई है। वर्तमान में ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर मात्र 2 बसें क्रमशः ब्यावर से रावतभाटा ( वाया - भिनाय, केकड़ी) ओर ब्यावर से जयपुर ( वाया - भिनाय, केकड़ी, मालपुरा ) सी संचालित है। उल्लेखनीय है कि वैशाली नगर डिपो द्वारा भी उक्त सड़क मार्ग पर वर्तमान में मात्र 2 रोडवेज बसें क्रमशः जयपुर से ब्यावर ( रात्रि विश्राम ) एवं जयपुर से पाली ( रात्रि विश्राम )संचालित है। कुल मिलाकर उक्त ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर उक्त दो डिपो द्वारा मात्र 4 रोडवेज बसें ही प्रतिदिन आवागमन कर रही है। परिणाम स्वरूप उक्त सड़क मार्ग पर रोडवेज बसों के अभाव में प्रतिदिन अप - डाउन करने वाले ओर अन्य सामान्य यात्रियों को अपने अपने गंतव्य स्थान तक आवागमन करने में अत्यंत परेशानी, कठिनाई व असुविधा उठानी पड़ रही है। ब्यावर से भिनाय ( रात्रि विश्राम करने वाली ) रोडवेज बस दूसरे दिन सुबह ब्यावर के लिए प्रस्थान करतीं हैं, लेकिन वर्तमान में उक्त बस को अकस्मात बंद कर देने से भिनाय कस्बे सहित उक्त मार्ग पर ब्यावर सरकारी नौकरी व सीमेंट फैक्ट्री में जाने वाले कार्मिकों को बहुत ही कठिनाई उठाने के साथ जाने - आने के लिए अतिरिक्त समय,श्रम,धन खर्च करने हेतू मजबूर होना पड़ रहा है। ब्यावर से भिनाय ( रात्रि विश्राम करने वाली ) तक संचालित रोडवेज बस से अपेक्षित आमदनी होने के बावजूद उक्त बस को बंद करना जनहित में अफसोस जनक ओर खेदजनक है। उल्लेखनीय है उक्त ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर वर्तमान में सता पक्ष के दो सांसदों,तीन विधायको ,पांच प्रधानो , क़रीब 25 सरपंचों सहित अनेक पंचायत समिति सदस्य गणों एवं जिला परिषद सदस्यों का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद रोडवेज बसों का प्रतिदिन अपेक्षाकृत पर्याप्त व नियमित संचालन व्यापक जनहित में नहीं करने से वर्तमान भाजपा सरकार व उनके रोडवेज सरकारी नुमाइंदों को भला - बुरा कहा जा रहा है। ओर यह हकीकत भी है कि उक्त ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर व्यापक जनहित में रोडवेज संचालन की दृष्टि से कोई धणी धोरी नहीं है। बहरहाल, उक्त सड़क मार्ग पर रोडवेज बसों के पर्याप्त व सुचारू एवं नियमित संचालन के उक्त मार्ग के प्रतिनिधित्व क्षेत्र के सत्तापक्ष के दोनों सांसद महोदय ओर ब्यावर, मसूदा व केकड़ी के निर्वाचित तीनो विधायक महोदय द्वारा अविलम्ब संज्ञान लेकर प्रभावी व कारगर कार्यवाही करना अपेक्षित व निहायत ज़रूरी है।

रोडवेज प्रशासन द्वारा उक्त सड़क मार्ग पर अक्सर रोडवेज बसों का अचानक संचालन बंद कर देने,रूट बदल देने से इस मार्ग के शांतिप्रिय यात्रियों में भारी असंतोष व आक्रोश स्पष्ट प्रत्यक्ष रूप से झलक रहा है ओर ऐसा होना स्वाभाविक भी है। यहां उल्लेखनीय है कि ब्यावर रोडवेज प्रशासन द्वारा ब्यावर से नसीराबाद, ब्यावर से लष्ट , ब्यावर से अजमेर, आदि सड़क मार्ग पर नियमित रूप से प्रतिदिन संचालित रोडवेज बसों के संचालन में कटोती नहीं कर ,हेर फेर नहीं कर व बंद नहीं कर विगत लम्बे समय से ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर संचालित रोडवेज बसों को अचानक बंद कर देने,हेर फेर कर देने व कटौती कर देने का सिलसिला जारी है ,जो जनहित में सर्वथा ग़लत व अनुचित है। ब्यावर रोडवेज प्रशासन द्वारा ब्यावर से केकड़ी सड़क मार्ग पर रोडवेज बसों के सही , सुचारू व नियमित संचालन को लेकर विगत लम्बे समय से कथित तौर पर जानबूझकर घोर उपेक्षित व सौतेला व्यवहार किया जा रहा है,जो जग जाहिर है। उक्त मार्ग पर सुचारू सही रोडवेज बस संचालन को लेकर इस मार्ग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व नेताओं की चुप्पी कब मुखर होगी, फिलहाल समझ से परे है।

# बूंदी में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

## महिला पुरुष की एक तरह की पोशाक के साथ केसरी साफा शहर में अलग ही छटा बिखेर रहा था





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली भव्य शोभा यात्रा के दौरान बूंदी शहर के हिंदू समाज के लोगों ने भव्य शोभा यात्रा निकाल हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जुलूस कहीं झांकियां के साथ वह कहीं बैंड बजाऊंगा डीजे की धो के साथ नवल सागर पार्क से रवाना हुआ, जो शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ आजाद पार्क पहुंचा, जुलूस में महिला और पुरुष सभी एक वेशभूषा में सर पर केसरिया साफा बांधकर आनंदित नाचते गाते चल रहे थे। बाजारों में जय श्री राम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस दौरान जुलूस का कई संगठन व संस्थाओं ने जगह जगह भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । इस जुलूस में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, सुरेश अग्रवाल, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, अधिवक्ता दिव्या डोगरा, पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बॉयत, युवा नेता रुपेश शर्मा भरत शर्मा, गौरव शर्मा, भानु शर्मा, संजय लाठी, मनमोहन अजमेरा, मेघवन सिंह, पीताम्बर शर्मा , सहित कई जनप्रतिनिधि जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। दौरान भारत विकास परिषद साथ हिंदू जागरण मंच, महिला सुरक्षा एवं सम्मान संघर्ष समिति, संयुक्त व्यापार महासंघ के सदस्यो द्वारा इंदिरा मार्केट में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया स्वागत के दौरान मातृशक्ति सहित संगठन से जुडे सदस्यो द्वारा हिंदू नव वर्ष मंगलमय हो, भारत माता की जय, राणा सांगा की जय, महाराणा प्रताप की जय के उद्घोष लगाए गए ईस दौरान हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक प्रशांत मोदी, जिला सहसंयोजक मनीष शर्मा, उदय सिंह, संजीव उपाध्याय,अरुण चतुर्वेदी, विजय नारायण सेन, ओम बराला ,भोले शंकर प्रजापत,गुलशन,भंवर सिंह, कमलेश्वर शर्मा,कौशल शर्मा, राजेंद्र जैन रानीपुरा, प्रवीण सिंह,चंद्र प्रकाश जैन, महिला सुरक्षा एवं सम्मान संघर्ष समिति से जुडी रिद्धि व्यास, शकुंतला जैन, अमीषा जैन, रेनू धाबाई, उषा चतुर्वेदी, मोना जैन, अंशु मोदी, अर्चना शर्मा, सीमा सोलंकी,वंदना सोलंकी, रीना चित्तौड़ा,संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, अनिल नंदवाना, महावीर कुशवाह, दिनेश बिलोची, प्रतीक अग्रवाल,भानु जैन,चेतन सोनी आदि की उपस्थिति रहे।

# 12 अप्रैल को विशाल भंडारा लगाया जाएगा

## बालाजी सेवा मंडल की मीटिंग में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सठी)।** शुक्रवार देर शाम बालाजी सेवा मंडल की बैठक का आयोजन बावड़ी बालाजी मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें 11 अप्रेल और 12 अप्रेल को होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल के सदस्यों ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बालाजी सेवा मंडल देवली की हुई मीटिंग में बताया गया कि आगामी 11 अप्रैल को दोपहर में जुलूस दोपहर 3 बजे देवली में मुख्य मार्गो से होते हुए वापस बावड़ी बालाजी के पहुँचेगा । जुलूस में महाकाल की झांकी व अखाड़े मुख्य आकर्षण रहेंगे। जिसके बाद रात्रि 8 बजे से भजन संध्या में बीकानेर से अनुराधा योगी एवं भीलवाड़ा से ओम धर्मावत द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी और 12अप्रैल को 9वा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस आयोजन को लेकर सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है बैठक में दिनेश वैष्णव, अखिल शर्मा ,सुरेश साहू, महेंद्र शर्मा, रामवतार साहू ,अनिल शर्मा,वरदान साहू,विनोद साहू,लोकेश त्रिपाठी समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री सनातन धर्म मण्डल भिनाय के तत्वावधान मे जयन्ति माता की शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भिनाय( घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर रविवार को हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री सनातन धर्म मण्डल भिनाय के तत्वावधान मे जयन्ति माता की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मण्डल अध्यक्ष राहुल आचार्य ने बताया कि शौभायात्रा कस्बे के गढ चौक स्थित श्रीनाथ जी के मंदिर से प्रात: 4:30 बजे प्रारंभ होकर ईमाम चौक , रैण गेट, आचार्य मोहल्ला, मेहता मोहल्ला, कोवडा बाजार, महावीर बाजार, बस स्टैंड, मयूर कोलोनी, भैरू बाजार, माली मोहल्ला,तिवाड़ी मोहल्ला, मिश्रा मोहल्ला, आजाद चौक होते होते हुए पुन: श्रीनाथ मन्दिर गढ चौक पहुंचेगी। जहां महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा। नव वर्ष के उपलक्ष में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में लोगों के तिलक लगाकर अभिनंदन किया जाएगा। विभिन्न संगठनों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। घरों में घट स्थापना के साथ माता रानी की पूजा अर्चना के साथ वर्त उपहास कर धर्म ध्यान किया जाएगा।

**जय गुरुदेव आश्रम भिनाय में नौ दिवसीय सत्संग व भंडारा आयोजन :** कस्बे के जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल भिनाय में नौ दिवसीय सत्संग व भंडारा आयोजित किया जाएगा। स्थानीय जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल भिनाय के व्यवस्थापक धन्ना लाल प्रजापत ने बताया कि जय गुरुदेव आश्रम उज्जैन के मुख्य संत उमाकांत के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव रात्रि स्थापना के अवसर पर रविवार से लेकर नौ दिवस तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे सत्संग ओर तत्पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भिनाय कस्बे सहित सम्पूर्ण क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सत्संगी रोजाना नियमित रूप से शामिल होकर धार्मिक व आध्यात्मिक लाभ लेंगे। कार्यक्रम में शाकाहार, सदाचार व नशामुक्त जीवन अपनाकर अपने आत्म कल्याण कर भव सागर को आनंद व ख़ुशी से पार करने सम्बंधित प्रतिदिन सत्संग व प्रवचनों का वाचन किया जाएगा।

# अजमेर अभियंता संस्थान ने हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर, (घनश्याम दास)।** अजमेर अभियंता संस्थान परिसर संस्थान के एक्टिविटी कल्ब द्वारा हिन्दू नववर्ष की पूर्वसंध्या पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कल्ब के पैटर्न हेमन्त रावत ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए परिसर में प्रतिदिन होने वाले बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, बिलियर्ड्स, कैरम आदि में सभी सम्मिलित होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आरंभ इंजीनियर एस पी जैन द्वारा कृष्ण वंदना से की । इस अवसर पर अरुण माथुर, अशोक गुप्ता, एन के टांक ने गानों से समा बांध दिया। इंजिनियर भरत गोकलानी ने ग़ज़लों से माहौल रंगीन बना दिया। लेडिज कल्ब की ओर से नीता माथुर एवं निलिमा माथुर ने एकल गाने गाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। श्रीवान्या दूबे ने पिया तो से नैना लागे रे पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में इंजिनियर अजय शर्मा द्वारा माना जनाब ने पुकारा नहीं गीत गाकर सांस्कृतिक संध्या पूर्ण की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राजीव तोषनीवाल ने सस्थान के साठवें साल में अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने एवं उसमें सपरिवार उपस्थित होने का आह्वान किया। उपस्थित सभी सदस्यों एवं संस्था के एक्टिविटी कल्ब को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ की चेटीचण्ड जुलूस को लेकर सिंधी समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई आयोजित

## स्टेज एवं स्पीकर लगा सकेंगे, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर, (घनश्याम दास)।** चेटीचण्ड जुलूस के शान्तिपूर्ण आयोजन को लेकर सिंधी समाज के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु के निर्देशानुसार विभिन्न बाजारों के सिंधी समाज के प्रतिनिधियों के साथ चेटीचण्ड के जुलूस के संदर्भ में चर्चा की गई।

बैठक में चेटीचण्ड जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए। जुलूस के दौरान स्टेज लगाने की अनुमति रहेगी। स्टेज सड़क के दोनों और इस प्रकार लगाई जाए कि आवागमन प्रभावित नहीं हो। स्टेज के साथ स्पीकर भी लगा सकेंगे। स्पीकर की संख्या चार से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि डीजे वाहन एवं डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। बैंड बाजों एवं ढोल का उपयोग कर सकेंगे। डीजे से ध्वनि प्रदूषण होता है। साथ ही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। डीजे बजाए जाने पर आयोजकों पर कार्यवाही की जाएगी।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़, रमेश लालवानी,महेन्द्र बंसल,अशोक दुल्हानी, जयप्रकाश वदलानी सहित अन्य सिन्धी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 16 दिवसीय गणगौर पूजन कर रही महिलाओ ने शनिवार को हल्दी - मेहंदी की रस्म पूरी

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** शहर के तहसील कार्यालय के पास स्थित कॉलोनी में 16 दिवसीय गणगौर पूजन कर रही महिलाओ ने शनिवार को हल्दी - मेहंदी की रस्म पूरी की। जिसमें दूल्हा व दुल्हन के रूप में सजी हुई दो महिलाओं के साथ इस रस्म को निभाया गया। इस आयोजन को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह रहा। महिलाओं ने गणगौर से जुड़ी धार्मिक गीतों की भी प्रस्तुतियां दी। इस आयोजन को धूमधाम से मनाया। जिसमें इस अवसर पर पिंकी मंगल, सोना, इंद्रा, अलका, ज्योति, लता, रेणु , साविता गोपाली, वीणा बवीता सुमन, रेखा, खुशबू, विनीता, अनीता आदि शामिल हुई।

# नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर निकली पवित्र ज्योति कलश संस्कृति चेतना यात्रा

## प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ की थीम पर सजाई गई झांकियां

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (नि.स.)। राजसमंद में अखिल भारतीय नव वर्ष समारोह समिति के तत्वावधान में विशाल पवित्र ज्योति कलश संस्कृति चेतना यात्रा का आयोजन किया गया। इस संस्कृति चेतना यात्रा को प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ की थीम पर तैयार किया गया था। यात्रा में सप्त ऋषि वैदिक ऋषि, देश के महापुरुष और साधु संतो की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।राजसमंद के आलोक संस्थान से शुरू हुई यह शोभा यात्रा टीवीएस चौराहा, जलचक्की, बस स्टैंड,मुखर्जी चौराहा होते हुए द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। ज्योति कलश यात्रा के मार्ग में स्थानीय लोगों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ज्योति कैलाश चेतना यात्रा के साथ संस्थान के प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललितपुरी गोस्वामी, एडमिनिस्ट्रेटर ध्रुव कुमावत शाहिद विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाये और स्कूली छात्र छात्राएं भी मौजूद थे।

# महाविद्यालय में भामाशाह द्वारा बनाई पानी की टंकी का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ -अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजकीय महाविद्यालय के खेल परिसर में भामाशाह पूर्व पार्षद, सुन्नो देवी द्वारा नवनिर्मित पानी की प्याऊ का उद्धघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना व सैनी समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना ने बताया कि नगरपालिका के पूर्व पार्षद सुन्नो देवी पत्नी सोहनलाल सैनी ने महाविद्यालय में करीब एक लाख रुपए की अधिक कीमत राशि से खेल परिसर में पानी की टंकी का निर्माण कर उसमें वाटर कूलर लगाकर सराहनीय कार्य किया है। वाटर कूलर लगने से महाविद्यालय में अध्ययनरत 5 हजार से अधिक विद्यार्थी व नागरिक लाभान्वित होंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य मीना ने कहा कि जल ही जीवन है, प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर सैनी समाज के जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल सैनी, सैनी समाज राजगढ़ के सचिव कन्हैयालाल सैनी, उमेश सैनी, लालाराम, गिर्राज, छोटे लाल महाविद्यालय के आचार्य पूरणमल मीना, जगतसिंह मीना, जगफूल मीना, सुमेर सिंह बैरवा, अशोक काकोडिया, आंचल मीना, मीनाक्षी मीना, दिनेश कुमार शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि आज से शुरू

## माँ दुर्गा के नौ रूप जीवन के विभिन्न पहलुओं की प्रदान करते हैं शिक्षा

भारत में नवरात्रि का पर्व विशेष रूप से शक्ति पूजा के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से माता दुर्गा की उपासना के लिए समर्पित होता है, जो शक्ति, साहस और निडरता की प्रतीक हैं। नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इन नौ रूपों को नौ दुर्गाएँ या नौ रूप कहा जाता है, जो प्रत्येक दिन के लिए निर्धारित होते हैं। हर रूप में माँ की एक विशेषता और गुण होते हैं, जो भक्तों के जीवन में समृद्धि, शक्ति और सुख की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। माँ दुर्गा के ये नौ रूप जीवन के विभिन्न पहलुओं की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। प्रत्येक रूप में छिपी हुई शक्ति, साहस, तपस्या, और मातृत्व की गहरी शिक्षा हमें सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन देती है। नवरात्रि का यह पर्व हमें शुद्धता, तप, साहस और विश्वास का संदेश देता है, जिससे हम अपने जीवन में हर मुश्किल का सामना कर सकें और आंतरिक शक्ति से भरपूर हो सकें।

### नवरात्रि पूजन विधि

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाले वासन्तिक नवरात्रि के पहले दिन यानि प्रतिपदा के दिन घट की स्थापना करके तथा नवरात्रि व्रत का संकृप करके पहले गणपति तथा मातृक पूजन करना चाहिए फिर पृथ्वी का पूजन करके घड़े में आम के हरे पत्ते, दूब, पंचामूल, पंचगव्य डालकर उसके मुंह में सूत्र बांधना चाहिए। घट के पास गेहूं अथवा जौ का पात्र रखकर वरूण पूजन करके मां भगवती का आह्वान करना चाहिए। विधिपूर्वक मां भगवती का पूजन तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ करके कुमारी पूजन का भी माहात्म्य है। कुमारियों की आयु एक वर्ष से 10 वर्ष के बीच ही होनी चाहिए। अष्टमी तथा नवमी महातिथि मानी जाती है। नवदुर्गा पाठ के बाद हवन करके ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए।

### माता की चौकी की स्थापना

माता की पूजा करने के बाद दुर्गा देवी की जय हो का उच्चारण कर कथा सुनें। माता की चौकी को स्थापित करने में जिन वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है उनमें गंगाजल, रोली, मौली, पान, सुपारी, धूपबत्ती, घी का दीपक, फल, फूल की माला, बिल्वपत्र, चावल, केले का खम्भा, चंदन, घट, नारियल, आम के पत्ते, हल्दी की गांठ, पंचरत्न, लाल वस्त्र, चावल से भरा पात्र, जौ, बताशा, सुगन्धित तेल, सिंदूर, कपूर, पंच सुगन्ध, नैवेद्य, पंचामृत, दूध, दही, मधु, चीनी, गाय का गोबर, दुर्गा जी की मूर्ति, कुमारी पूजन के लिए वस्त्र, आभूषण तथा श्रृंगार सामग्री आदि प्रमुख हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान पूरा देश माता की भक्ति में डूब जाता है। माता के मंदिरों में इन 9 दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है और जगह-जगह माता की पूजा कर प्रसाद बांटा जाता है। इस दौरान विभिन्न जगहों पर छोटे बड़े स्तर पर माता का जागरण भी कराया जाता है। देश भर के मंदिरों में इस दिन मां भगवती का पूरा श्रृंगार कर उनकी पूजा की जाती है। नवरात्रि पर्व से जुड़ी कुछ परम्पराएं और नियम भी हैं जिनका श्रद्धालुओं को अवश्य पालन करना चाहिए। इन नौ दिनों में दाढ़ी, नाखून व बाल काटने से परहेज करना चाहिए। इन दिनों घर में लहसुन, प्याज का उपयोग भोजन बनाने में नहीं करना चाहिए। लोगों को छल कपट करने से भी बचना चाहिए।

### शैलपुत्री

मां दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनको शैलपुत्री कहा गया। यह वृषभ पर आरूढ़ दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में पुष्प कमल धारण किए हुए हैं। यह नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। नवरात्रि पूजन में पहले दिन इन्हीं का पूजन होता है। प्रथम दिन की पूजा में योगीजन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना शुरू होती है। शैलपुत्री देवी का विवाह भी शंकरजी से ही हुआ। पूर्वजन्म की भाँति इस जन्म में भी वे शिवजी की ही अर्द्धांगिनी बनीं। नवदुर्गाओं में प्रथम शैलपुत्री दुर्गा का महत्व और शक्तियां अनंत हैं।

### ब्रह्मचारिणी

मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्मा शब्द का अर्थ तपस्या से है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप की चारिणी यानि तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इसके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।

### चंद्रघण्टा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघण्टा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन व आराधना की जाती है। इनका स्वरूप परम शांतिदायक और कृयाणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है। इसी कारण इस देवी का नाम चंद्रघण्टा पड़ा। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनका वाहन सिंह है। हमें चाहिए कि हम मन, वचन, कर्म एवं शरीर से शुद्ध होकर विधि-विधान के अनुसार, मां चंद्रघण्टा की शरण लेकर उनकी उपासना व आराधना में तत्पर हों। इनकी उपासना से हम समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन सकते हैं।

### कूष्माण्डा

माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रों में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहज चक्र में स्थित होता है। अत: पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अत: अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

### स्कन्दमाता

मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। ये भगवान स्कन्द कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्र पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है।

### कात्यायनी

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भक्त को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं।



### कालरात्रि



मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभङ्करी भी कहा जाता है। दुर्गा पूजा के सप्तम दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णत: मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है।

### महागौरी



मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं।

### सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति को सिद्धिदात्री कहते हैं। जैसा कि नाम से प्रकट है ये सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। इनकी उपासना के बाद भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। देवी के लिए बनाए नैवेद्य की थाली में भोग का सामान रखकर प्रार्थना करनी चाहिए।

**चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आज से शुरु हो रही है और इसका समापन 7 अप्रैल को हो रहा है। आइए आपको बताते हैं नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त व मां शैलपुत्री की पूजा विधि, मंत्र और भोग कैसे लगाएं। इस लेख में हम आपको चैत्र नवरात्रि में घटस्थापना का शुभ मुहूर्त के बारे में बताने जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो देवी दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा का उत्सव मनाता है। चैत्र नवरात्रि पर चंद्र कैलेंडर के आधार पर मार्च या अप्रैल के महीनों में पड़ता है। इस दिन सनातन धर्म में हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। चैत्र नौ दिनों तक चलता है। भक्तजन व्रत रखते हैं और माता से प्रार्थना और पूजा करते हैं। नवरात्रि में माता के 9 स्वरुपों की पूजा की जाती है। इस बार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च 2025 रविवार को है। नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि मां शैलपुत्री की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के पहले घटस्थापना या कलश स्थापना भी की जाती है।**

### मां शैलपुत्री पूजा विधि

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के पूजन के लिए सबसे पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर साफ वस्त्र धारण करें। इसके बाद एक चौकी लें और उसे गंगाजल से छिड़ककर शुद्ध कर लें। मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करें। अब मां दुर्गा के समक्ष धूप, दीप व शुद्ध गाय के घी का दीपक जलाएं। मां शैलपुत्री को भोग लगाएं व आरती उतारें। दुर्गा चलीसा व सप्तशती पाठ करें।

### मां शैलपुत्री को भोग में क्या अर्पित करें

धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता शैलपुत्री की सवारी गाय है। मान्यता है कि मां को गाय के दूध से बनी चीजों को भोग प्रिय है। आप मां शैलपुत्री को खीर या दूध से बनी मिठाईयों का भोग लगा सकते हैं।

### मां शैलपुत्री मंत्र


- ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ?
शैलपुत्री देव्यै नम:
- या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:

**नवरात्रि के पहले दिन किस रंग के वस्त्र पहनें**

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन का शुभ रंग नारंगी है। इस दिन नारंगी रंग के वस्त्र पहना शुभ होता है।

अन्न के कण और आनंद के क्षण,कभी व्यर्थ न जाने दें, दोनो अमूल्य हैं!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर में तेजाजी मंदिर में मूर्ति तोड़ने पर हंगामा

## आरोपी कैफे संचालक गिरफ्तार; बोला- तनाव में था, मंगेतर से कहा था, गलती हो गई







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में सांगानेर इलाके में वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक कैफे मालिक है और नशे में मूर्ति को तोड़ा था। पूछताछ में तनाव के चलते घटना को अंजाम देने की बात सामने आई। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि बीकानेर निवासी सिद्धार्थ सिंह को गिरफ्तार किया है। युवक अभी राजापार्क में रहता था। घटना की गंभीरता को देखते हुए 10 से अधिक टीमों का गठन किया गया था। 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर संदिग्ध की पहचान की थी।

### कैसे पकड़ा गया आरोपी?

जांच में सामने आया कि आरोपी कार से आया था। पुलिस ने होटल इंटरकॉन्टिनेंटल टोंक रोड से उसकी लोकेशन ट्रेस की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### क्यों की वारदात?

पूछताछ में सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि वह आर्थिक तंगी के चलते मानसिक तनाव में था। नशे में उसने मंदिर में तोड़फोड़ की। बाद में जब होश आया तो उसने मंगेतर को यह बात बताई और एहसास हुआ कि उसने बड़ी गलती कर दी है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपी कैफे चलाता था

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया- आरोपी सिद्धार्थ सिंह का राजापार्क में तमस कैफे नाम से एक रेस्टोरेंट था, जो भारी नुकसान में चल रहा है। बंद होने की कगार पर है। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त से मिलने इंटरकॉन्टिनेंटल होटल गया, जहां पार्टी के दौरान उसने शराब पी। आरोपी नशे की हालत में था।

### गलती स्वीकार कर ली

डीसीपी ने बताया कि- नशे की हालत में लौटते समय वह मंदिर के सामने रुका। कुत्तों को कुछ खिलाने के हिसाब से कार रोकी। वहां मंदिर देखकर अंदर गया। मंदिर में कुछ देर बैठकर चिंतन-मनन किया। वह डिप्रेशन में था। आवेश में आकर मंदिर में जाकर मूर्ति को उखाड़ कर नीचे गिरा दी। आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार की है।

### उपद्रव करने वाले 20 लोगों को डिटेन किया

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया- घटना के बाद मंदिर के आसपास उपद्रव करने वाले 20 लोगों को डिटेन किया है। पूछताछ की जा रही है। इस मामले में जिसकी जितनी भूमिका होगी जांच के बाद उसके खिलाफ उस तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था

इससे पहले मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया था। सांगानेर थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर के सामने लोगों ने करीब तीन घंटे टोंक रोड को जाम रखा था। पुलिस अधिकारियों के समझाइश के बाद भी जाम नहीं खुला तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को मौके से हटा दिया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे पुलिस ने जाम खुलवा दिया था। शनिवार सुबह पुलिस को मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 3 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्ति तोड़ दी थी। आरोपियों से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी शनिवार को सामने आया था।

# म्यांमार भूकंप में अब तक 1000 की मौत

## 2400 घायल, 5.1 तीव्रता का फिर आया भूकंप

## मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की



बढ़ता राजस्थान

**नेपीदा (एजेंसी)।** म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं।

शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस) ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे।

रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।

### भारत के आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री 40 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार रवाना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है।

### भूकंप में नेपीदा एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर गिरा

म्यांमार भूकंप के चलते नेपीदा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर गिर गया। सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रहा है कि टावर जमीन से उखड़े हुए पेड़ की तरह गिरा हुआ है।

### थाईलैंड पीएम बोलीं- देश के हालात सामान्य हुए

थाई प्रधानमंत्री पाईतोंग्तार्न शिनवात्रा ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को आए भूकंप के बाद देश में हालात सामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकॉक में सिर्फ एक इमारत गिरी थी, जो कि अंडर कंस्ट्रक्शन थी। उसके अलावा किसी और इमारत पर कोई असर नहीं पड़ा था।

### स्कूली बिल्डिंग के मलबे में फंसे बच्चों को ढूढ़ते रेस्क्यू वर्कर्स

म्यांमार के मांडले में विजडम विला प्राइवेट हाई स्कूल की बिल्डिंग ढह गई। मलबे में कई छात्रों के दबे होने की आशंका है। शनिवार को बचावकर्मियों ने स्टूडेंट्स के नाम पुकारे ताकि अगर कोई छात्र जिंदा हो तो उसे बचाया जा सके।

### यूएन ने म्यांमार को 43 करोड़ रुपए की मदद

संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपए) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा। चीनी की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भजेंगे।

### भारत ने म्यांमार भेजी 15 टन राहत सामग्री और 80 रेस्क्यू वर्कर्स

भूकंप के बाद भारत ने म्यांमार में 15 टन राहत सामग्री और एनडीआरएफ के 80 बचाव कर्मियों का एक दल भेजा है। इसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की जनता सरकार के प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। पीएम ने कहा कि करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

### बैंकॉक में महिला ने खुली सड़क पर बच्चे को जन्म दिया

थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डॉक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डॉक्टरों ने हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। इसमें महिला को स्ट्रेचर पर लेटी है, जबकि अस्पताल के कर्मचारी खुली जगह पर उसकी डिलीवरी में मदद कर रहे थे।

### बैंकॉक में 2,000 से ज्यादा इमारतों को नुकसान

बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं। जियोलॉजिस्ट्स के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। म्यांमार में शनिवार दोपहर 3 :30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 .1 मापी गई। कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। शुक्रवार को 7 .7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में 2 आफ्टरशॉक आए थे। इससे भारी तबाही हुई थी।

# सुप्रीम कोर्ट जस्टिस नाथ बोले-नदियों की हालत देख चिंता होती है : दिल्ली पॉल्यूशन पर कहा- बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा- दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हररोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो।

शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे।

हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए।

हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है। इंडस्ट्रियल वेस्ट का ट्रीटमेंट करना, सीवेज के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और लोकल समुदायों को नदी पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2010 में अपनी स्थापना के बाद से आशा की किरण के तौर पर उभरा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राजस्थान में ठंडी हवा के कारण 7 डिग्री गिरा पारा

## आज भी रहेगा असर, अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के नीचे आया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उत्तर भारत से चली ठंडी हवा ने राजस्थान के शहरों में तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरा दिया है। गंगानगर, सीकर में शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर में भी तापमान में 2 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई, जिसके कारण इन शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले 2 दिन तापमान में थोड़ी और गिरावट होने की संभावना है। 1-2 अप्रैल से राज्य में हवा की दिशा बदलकर उत्तर से पश्चिमी हो जाएगी, जिसके बाद तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी।

### 2 से 7 डिग्री तक का अंतर

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम साफ रहा और सभी शहरों में धूप तेज रही। राज्य के अधिकांश शहरों में सुबह से लेकर देर शाम तक हल्की ठंडी हवा चली। इससे राज्य में भीलवाड़ा को छोड़कर सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। अलवर, पिलानी, सीकर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर समेत अन्य कई शहरों में अधिकतम तापमान में 2 से लेकर 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हुई।

### रात का टेम्प्रेचर गिरा, फतेहपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे

राज्य के कई शहरों में उत्तरी हवाओं के असर से रात का न्यूनतम तापमान भी गिर गया। सीकर के पास फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पाली में 9.9 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 14.8, पिलानी और सीकर में 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, चूरू और गंगानगर में भी न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र ने राजस्थान में अगले दो दिन उत्तरी हवाओं का असर रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की ओर गिरावट होने की संभावना जताई है।